


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14 अंक - 155 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 20 मार्च 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर



### कांकेर में नक्सलियों का उत्पात, सड़क निर्माण में लगे 10 वाहनों में लगाई आग

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में नक्सलियों ने जमकर उत्पात मचाया। यहां कोइलीबेडा विकासखंड के घोर नक्सल प्रभावित ग्राम आलपरस में सड़क निर्माण कार्य में लगे 10 वाहनों में आगजनी की घटना को अंजाम दिया है। बीती रात नक्सलियों ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत किए जा रहे सड़क निर्माण कार्य में लगे दो जेसीबी और आठ ट्रैक्टर में आग लगाई है। चीलपरस में स्थापित नए कैम्प से महज कुछ किलोमीटर की दूरी पर नक्सलियों ने घटना को दिया अंजाम दिया है।

कांकेर एसपी शलभ सिन्हा ने बताया कि चिलपरस कैंप से 7 किमी अंदर आलपरस गुंडुल जाने वाला मार्ग में पीएमजीएसवाई की सड़क का निर्माण ठेकेदार द्वारा किया जा रहा था। दो दिन पहले ही काम शुरू हुआ था। ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य की जानकारी न पुलिस विभाग को दिया गया था न ही पीएमजीएसवाई के अधिकारी को दिया गया था। अंदरूनी इलाकों में हमेशा कार्डिनेशन में काम करना चाहते है। जब भी अंदुरुनी इलाकों में काम होता है तो सुरक्षा की स्थिति का जायजा लिया जाता है। कल रात में अजगनी की घटना हुई है। जिसमे ट्रैक्टर्स और जेसीबी को नक्सलियों ने आग लगाई है। मामले की तस्दीक की जा रही है मजदूरों को कोई नुकसान नही हुआ है।

#### कैंप के विरोध में नक्सलियों ने की आगजनी

अगजनी घटना स्थल से लगभग 6 से 7 किमी पहले चीलपरस में बीएसएफ ने नवीन कैम्प का स्थापित किया है। कैम्प के लगने के बाद सड़क निर्माण कार्य भी तेजी लाई गई थी जिसके बौखलाहट में नक्सलियों ने आगजनी की घटना को अंजाम दिया है।

# जापान के प्रधानमंत्री किशिदा पहुंचे भारत चीन से निपटने की रणनीति पर फोकस

### दोनों देशों के बीच होगी महत्वपूर्ण चर्चा, जी20 और जी7 की बैठकों पर भी चर्चा

नई दिल्ली (एजेंसी)। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा भारत पहुंच गए हैं। सोमवार सुबह जापानी प्रधानमंत्री दिल्ली पहुंचे। जापानी प्रधानमंत्री के दौरे का उद्देश्य भारत और जापान के बीच रक्षा, व्यापार, निवेश और उच्च तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर बातचीत होगी। फुमियो किशिदा और प्रधानमंत्री मोदी के बीच भारत की अध्यक्षता में हो रहे जी20 और जापान की अध्यक्षता में होने वाली जी7 की बैठकों की प्राथमिकताओं को लेकर बातचीत होगी।




जापान के प्रधानमंत्री भारत में करीब 27 घंटे बिताएंगे। प्रधानमंत्री मोदी से बैठक के साथ ही वह एक थिंक टैंक के कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे, जहां वह अपने संबोधन में मुक्त हिंद प्रशांत क्षेत्र के लिए अपनी योजनाओं का खुलासा करेंगे। बता दें कि हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में चीन अपनी ताकत लगातार बढ़ा रहा है। यही वजह है कि भारत, जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया ने क्वाड बनाकर चीन की चुनौती से निपटने की योजना बनाई है। किशिदा मुक्त हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र के लिए भारत की बढ़ती भूमिका पर भी वह अपने विचार रखेंगे। मुक्त हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र के लिए भारत और जापान के बीच पेट्रोलिंग बढ़ाने, मेरीटाइम कानूनों का पालन कराने की क्षमता बढ़ाने, साइबर सुरक्षा, डिजिटल और हरित ऊर्जा समेत कई अहम मुद्दों पर बातचीत हो सकती है।

#### दोनों देशों में लगातार बढ़ रहा सहयोग

बता दें कि भारत और जापान लगातार चीन की बढ़ती चुनौती का सामना कर रहे हैं। चीन लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में एलएसी पर आक्रामक रुख अपनाए हुए है। वहीं चीन सेनकाकु द्वीप पर भी अपना अधिकार जमाता है, जिसे लेकर जापान के साथ उसका विवाद चल रहा है। भारत और जापान के बीच बढ़ते सहयोग का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के बीच साल 2022 में तीन बार मुलाकात हुई। साल 2023 में भी दोनों नेताओं के बीच तीन बार मुलाकात होने का अनुमान है। जिसमें जी20, जी7 और क्वाड की बैठक शामिल है।

## खुशनुमा मौसम



भिलाई। रविवार रात को बारिश के दौरान सिविक सेंटर का नजारा। तेज बारिश के बीच सड़क पर दौड़ती कार और और दुधिया रोशनी के बीच बारिश की बूंदे अलग ही नजारा प्रस्तुत कर रही हैं।

#### सेक्स टॉर्शन में दुर्ग पुलिस की बड़ी सफलता

## तीन और फ्रॉड कॉलर पकड़ाए मास्टर माइंड भी गिरफ्तार




श्रीकंचनपथ न्यूज


**भिलाई।** सेक्स टॉर्शन और डेटिंग फ्रॉड के मामले में दुर्ग पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। दुर्ग पुलिस ने कोलकाता में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है जो लोगों को चिकनी चुपड़ी बातों में फंसा कर लूटते हैं। खासबात यह है कि दुर्ग पुलिस के हाथ डेटिंग फ्रॉड केस का एक मास्टरमाइंड भी लगा है। डेटा ख़रीदी के बाद लुभावने संदेश के साथ मेसेज ब्लास्ट करता था। इसके बाद जो भी इनके झांसे में आता उसके साथ ठगी करते। यही नहीं दो कंपनियां भी दुर्ग पुलिस की इन्वेस्टीगेशन के राडार में है। तीनों आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर कोलकाता से दुर्ग लाया जाएगा।

बता दें दुर्ग पुलिस ने इससे पहले पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र के बुजुर्ग से 11 लाख की ठगी करने वाले प्रेमी जोड़े को पहले की गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर दुर्ग लाया गया है। इस मामले का खुलासा भी एसपी पल्लव करने वाले हैं। इसबीच पुलिस ने कोलकाता से दो महिलाओं व एक युवक को गिरफ्तार किया है जो डेटिंग फ्रॉड करते हैं। दोनों महिलाओं को सीआरपीसी 41 का नोटिस देकर विवेचना के लिए दुर्ग तलब किया गया। पकड़े गए आरोपियों में रेहान आलम, दिशा बरुआ व शाहीन शामिल हैं। इन्हें ट्रांजिट रिमांड पर दुर्ग लाने की तैयारी की जा रही है। इनमें से दिशा बरुआ फोन कर सलोनी के नाम पर लोगों को चूना लगाती थी। वहीं शाहीन फोन पर ईशानी के नाम पर लोगों को अपने जाल में फंसाती थी।

## छत्तीसगढ़ में कोरोना से महिला की मौत, 10 दिनों से थी बीमार

### तीन दिन पहले हुई थी कोरोना की पुष्टि

श्रीकंचनपथ न्यूज




**बिलासपुर।** देश और दुनिया में एक बार फिर कोरोना ने दस्तक देना शुरू कर दिया है। लंबे समय से छत्तीसगढ़ में कोरोना से मौतों का सिलसिला थम गया था लेकिन इस बीच एक महिला की मौत की खबर ने स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा दिया है। बिलासपुर की महिला का पिछले 10 दिनों से अलग अलग निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। 17 मार्च को महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आई और 18 मार्च को उसकी मौत हो गई। यहां तक कि महिला का बेटा भी कोरोना संक्रमित है जिसका होम आइसोलेशन में इलाज चल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर के व्यापार विहार क्षेत्र में श्रीराम टावर के पास रहने वाली 43 वर्षीय कोरोना पाजिटिव महिला की मौत हो गई है। महिला की हालत बीते 10 दिनों से गंभीर बनी हुई थी। उसे सर्दी, खांसी, बुखार था। अलग अलग अस्पतालों में इलाज के बाद 16 मार्च को उसे सिम्स के पास एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरी जांच में महिला का ऑक्सीजन लेवल काफी कम पाया गया। इसके बाद उसका आरटीपीसीआर टेस्ट कराया गया। 17 मार्च को महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आई और उसे वेंटिलेटर पर रखा गया। डॉक्टरों की लाख कोशिशों के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका। 18 मार्च को उसकी मौत हो गई। मृतक महिला का 21 वर्षीय बेटा भी कोरोना संक्रमित हो चुका है। उसका इलाज आइसोलेशन में रखकर किया जा रहा है।

महिला की मौत होने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने स्वास्थ्य विभाग को दी। स्वास्थ्य विभाग को जैसे ही जानकारी मिली तो स्वास्थ्य महकमा हरकत में आ गया। सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना प्रोटोकॉल के तहत महिला का शव परिजनों को सौंपा। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने व्यापार विहार के श्रीराम टावर्स के आसपास के क्षेत्र का सर्वे करने का निर्णय लिया है। वहीं महिला के संपर्क में आने वाले लोगों को भी कोरोना टेस्ट कराने की अपील की गई है।

## दीपक की 'तिजोरी' में लगी सेंध, 2.6 करोड़ की धोखाधड़ी

### सह निर्माता पर लगाया आरोप, लंदन में शूटिंग के बहाने ठगे रुपए



**मुंबई (एजेंसी)।** बॉलीवुड अभिनेता और निर्देशक दीपक तिजोरी ने सह निर्माता मोहन नादर पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि नादर ने उनसे 2.6 करोड़ रुपये ठगे हैं। उनके खिलाफ अंबोली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया। अभिनेता का आरोप है कि मोहन ने 'टिप्सी' नामक एक थ्रिलर फिल्म बनाने के नाम पर उनसे 2.6 करोड़ रुपये लिए और उनके साथ धोखाधड़ी की। इस मामले में पुलिस ने आइपीसी की धारा 420 और 406 के तहत मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार, दीपक तिजोरी ने कहा कि 2019 में हमने टिप्सी नाम की एक फिल्म के लिए कॉन्ट्रेक्ट साइन किया था। जिसके लिए नादर में मुझसे पैसे लिए।जब इस मुद्दे को मैंने उठाया और शिकायत दर्ज करने की धमकी दी, तो नादर ने उन्हें खाली पड़े बैंक खातों के चेक दिए। उन्होंने कहा था कि फिल्म की शूटिंग लंदन में करेंगे। इस बहाने उन्होंने पैसे ऐंठे थे। लेकिन लंबा समय बीत जाने के बाद भी उनकी ओर से इन्हें लौटाया नहीं गया है।

## रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म में लगे एलईडी में अचानक चलने लगा पोर्न वीडियो, एजेंसी ब्लैक लिस्टेड

### पटना जंक्षन का मामला, वीडियो देख यात्रियों में मचा हड़कंप

श्रीकंचनपथ न्यूज

पटना। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर लगे एलईडी स्क्रीन पर अचानक से पोर्न वीडियो चलने लगा। घटना पटना जंक्शन की है जहां रविवार रात को यह वाकया हुआ। प्लेटफार्म पर लगे दर्जनों एलईडी स्क्रीन में एक साथ पोर्न वीडियो चलने से स्टेशन पर मौजूद यात्रियों को काफी शर्मिंदगी महसूस हुई। आनन फानन में इसकी जानकारी जीआरपी व रेलवे के अधिकारियों को दी गई। रेलवे अफसरों ने एजेंसी से संपर्क किया और पोर्न वीडियो को बंद करवाया। इस मामले में रेलवे ने ऐजेंसी का टेंडर कैंसिल कर उसे ब्लैक लिस्ट भी कर दिया।




मिली जानकारी के अनुसान पटना रेलवे स्टेशन पर दर्जनो एलईडी स्क्रीन लगी हुई हैं। यहां लगे टेलीविजन स्क्रीन पर विज्ञापन के प्रसारण के लिए दत्ता कम्युनिकेशन को ठेका दिया गया है। रविवार रात को अचानक इसमें पोर्न वीडियो चलने लगा। लगभग तीन मिनट तक चले इस वीडियो को स्टेशन पर मौजूद लगभग सभी लोगों ने देखा। स्टेशन पर महिलाओं से लेकर बच्चे भी सैकड़ों की संख्या में अपनी ट्रेनों का इंतजार कर रहे थे। बिहार का सबसे बड़ो रेलवे स्टेशन होने से यहां रोजाना लाखों यात्रियों की भीड़ भी रहती है। अचानक से स्टेशन के एलईडी में पोर्न वीडियो चलने से यात्रियों में हड़कंप मच गया।

रेलवे स्टेशन पर मौजूद कुछ यात्रियों ने आनन-फानन में जीआरपी और आरपीएफ को इस बात की जानकारी दी। जिसके बाद टेलीविजन पर विज्ञापन चलाने वाली एजेंसी से संपर्क किया गया और पोर्न फिल्म के प्रसारण को रोका गया। इसके बाद रेलवे के अधिकारी भी हरकत में आ गए और टेलीविजन स्क्रीन पर विज्ञापन के प्रसारण के लिए जिम्मेदार एजेंसी दत्ता कम्युनिकेशन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी गई। इसके साथ ही एजेंसी को रेलवे ने ब्लैक लिस्ट कर दिया है और उस पर जुर्माना भी ठोक दिया गया है। रेलवे अब एडल्ट फिल्म प्रसारित होने के मामले में अलग से जांच भी करवा रहा है।

## स्कूलों की चालबाजी से नष्ट हो रही संस्कृति




स्कूलों में न जाने ऐसा क्या पढ़ाया जा रहा है कि भारत की पूरी संस्कृति ही खतरे में पड़ गई है। इसका गलत मतलब निकालने की जरूरत नहीं है। पाठ्यक्रम में कुछ भी गलत-सलत नहीं पढ़ाया जा रहा। पर स्कूलों के संचालन की जिम्मेदारी संभालने वाला मंत्रालय, विभाग, संस्थाएं और पाठ्यपुस्तक छापने वाले मिलकर एक ऐसा खेल-खेल रहे हैं जिसके लाभ कम और नुकसान ज्यादा हैं। साल दर साल पाठ्यक्रम में नई-नई चीजें जुड़ती जा रही हैं। पढ़ाई का बोझ इतना बढ़ गया है कि बच्चों को अवकाश देने में भी तकलीफहोने लगी है। गर्मी और दीपावली की छुट्टियों को तो लोग भूल ही चुके हैं। ये छुट्टियां बच्चों के समग्र विकास के लिए बेहद जरूरी थीं। बच्चे इन छुट्टियों में कहानियां पढ़ते थे। गांव जाकर अपने रिश्तेदारों से मिलते थे। खुलकर तीज-त्यौहार मनाते थे। उनमें संस्कृति और परिवार का बोध बढ़ता था। रिश्ते-नातों की समझ पैदा होती थी। दादा-दादी या नाना-नानी से कहानियां सुनते थे। गांव के जीवन से जुड़ते थे, अपनी जड़ों को पहचानते थे। पर अब एक क्लास की परीक्षा हुई नहीं कि दूसरी शुरू हो जाती है। इसके बाद जो छुट्टियां मिलती हैं, वह भी तनाव में ही गुजरती हैं। साल दर साल चल रही इस ग्रिलिंग का ही नतीजा है कि कम उम्र में ही बच्चे टेंशन और डिप्रेशन जैसे शब्दों से खेलने लगते हैं। बच्चों को टेंशन फ्री रहने की नसीहत देने वालों की अलग दुकानें खुल चुकी हैं। यही तनाव आगे चलकर उन्हें नशाखोरी के लिए प्रेरित कर रहा है। आज शहरी स्कूलों में नशाखोरी इस कदर बढ़ चुकी है कि 9वीं और 10वीं के बच्चे भी ड्रग्स कर रहे हैं। प्रतिस्पर्धा करने की होड़ में हम यह भूल रहे हैं कि बच्चा भी मनुष्य है। उसके स्वाभाविक विकास के लिए स्वाभाविक परिस्थितियां चाहिए। तीन दशक पहले तक जहां केवल इंटेलीजेंस कोशेंट-आईक्यू की बातें होती थीं अब इसके साथ इमोशनल कोशेंट-ईक्यू और एडवर्सिटी कोशेंट-एक्यू की बातें होने लगी हैं। रिश्तेदारों के बीच रहने से वह भावनात्मक रूप से मजबूत होता है। यह एक स्वाभाविक प्रक्रिया है जिसे प्रयोगशाला में निर्मित नहीं किया जा सकता। चचेरे ममेरे भाई-बहनों के साथ उसकी एक हम उम्र कम्युनिटी बनती है। वह शैतानियां करता है, नादानियां करता है। बच्चे ही उसका हल निकालते हैं और वह जीवन जीने की कला सीखता चला जाता है। जिन बातों को वह अपने माता-पिता से शेयर नहीं कर पाता, उसे ऐसे रिश्तेदारों के साथ शेयर कर लेता है जिससे उसकी ट्यूनिंग अच्छी होती है। सबको, सबके बारे में सबकुछ पता होता है। जीवन में शॉक की गुंजाइश कम हो जाती है। तीस या चालीस साल पहले का बच्चा भले ही वार्षिक परीक्षाओं में 99 प्रतिशत स्कोर नहीं करता था, पर वह मानसिक तौर पर आज के बच्चे से सौ गुना मजबूत होता था। समस्याएं उसे नशाखोरी या आत्महत्या के लिए प्रेरित नहीं करती थी। वह इमोशनलेस रोबोट नहीं था।



## संपादकीय

# एक ब्रांड की वापसी

यह अपने आप में शोध का विषय है कि कोई ब्रांड कैसे खड़ा होता है और कैसे वह पतन की ओर चला जाता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि शीतल पेय का कैंपा कोला ब्रांड लोग भूले नहीं हैं और बाजार के अध्ययन में यह बात सामने आई कि इस ब्रांड को फिर बाजार में लौटाया जा सकता है। रिलायंस कंपनी ने इसके लिए पहल की, जिससे बाजार और उद्यमियों में विचार-विमर्श का नया दौर शुरू हो गया है। कैंपा कोला की वापसी ने शीतल पेय बाजार में खलबली मचा दी है, कीमतें कम होना तय है। एक समय था, जब इसका स्लोगन ग्रेट इंडियन स्वाद हुआ करता था। यह ब्रांड 1970 के दशक में शीतल पेय बाजार में सबसे ज्यादा बिका करता था। धीरे-धीरे यह पतन की ओर बढ़ा और दिल्ली में इसके कार्यालय और बॉटलिंग प्लांट 2000-2001 में पूरी तरह से बंद हो गए। कुछेक बोतलों की आपूर्ति के साथ यह हरियाणा में थोड़ा बच रह गया था। अब रिलायंस कंपनी ने इसका जिम्मा उठाया है, जाहिर है, अब पेप्सी और कोका कोला जैसे ब्रांड को तगड़ी टक्कर मिलने वाली है। कैंपा कोला के आने से शीतल पेय बाजार बदलने वाला है। प्योर ड्रिंक्स ग्रुप के पास जब यह ब्रांड था, तब इसका राज चलता था और अगर फिर यह ब्रांड चल निकले, तो कोई आश्चर्य नहीं। इस ब्रांड की शुरुआत 1949 में हुई थी और अब वापसी 2023 में हो रही है। ऐसे बहुत से ब्रांड हैं, जो लोगों की स्मृतियों में हैं। कई ब्रांड बंद हो गए, तो कुछ किसी तरह से अपना नाम घसीट रहे हैं। वास्तव में, उदारीकरण के बाद भारतीय ब्रांडों को जिस तरह से चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, वह अलग से शोध का विषय रहा है। आज कहां हैं बिनाका टूथपेस्ट, डालडा वनस्पति, हमाम और मोती साबुन, गोल्ड स्पॉट पेय इत्यादि? एक शीतल पेय तो 1977 में जनता पार्टी सरकार के समर्थन से बाजार में उतारा गया था। नाम था 77 मतलब डबल सेवन, यह कोका कोला के देश से जाने के बाद उतारा गया था, मगर डबल सेवन ब्रांड इंदिरा गांधी सरकार के लौटते ही कमजोर पड़ गया। मतलब किसी ब्रांड के पीछे बाजार ही नहीं, तात्कालिक राजनीति की भी तगड़ी भूमिका होती है। बाद में साल 1991 में उदारीकरण की नीति के बाद 1993 में जब कोका कोला की देश में वापसी हुई, तब भारतीय बाजार में मानो भूचाल ही आ गया। भारतीय बाजार पर कब्जा करने के साथ ही बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने पुराने या कुछ जमे हुए ब्रांडों को खरीदना शुरू कर दिया। भारत में मुक्त बाजार व्यवस्था है, पर यहां विशुद्ध भारतीय ब्रांडों पर विशेष रूप से अध्ययन किया जाना चाहिए। पुराने ब्रांडों को याद किया जा रहा है, तो एक समय टॉफी का सबसे प्रसिद्ध ब्रांड मॉर्टन हुआ करता था। आज बाजार में टॉफी और चॉकलेट के ढेरों ब्रांड हैं, पर एक समय मॉर्टन का जलवा था। अंग्रेजों के समय ही बिहार के मढ़ौरा में सी ऐंड ई मॉर्टन (इंडिया) लिमिटेड ने 1929 में अपने कारखाने में मॉर्टन टॉफी का उत्पादन शुरू किया था। उदारीकरण के दौर में ही 1997 में इस कारखाने पर ताला लग गया। मॉर्टन अब एक इतिहास है, उसकी वापसी की कोई चर्चा नहीं है। समय बदल गया, एक समय मढ़ौरा में ही चार कारखाने हुआ करते थे, 4,000 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिला हुआ था, अब सन्नाटा है। यह तो एक मिसाल है। ऐसे बहुत से ब्रांड हैं, जिन्हें अगर लौटाया जाए, तो भारतीय उद्योग जगत के साथ ही देश की आत्मनिर्भरता को भी बल मिलेगा।

> “ भारतीय बाजार पर कब्जा करने के साथ ही बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने पुराने या कुछ जमे हुए ब्रांडों को खरीदना शुरू कर दिया। भारत में मुक्त बाजार व्यवस्था है, पर यहां विशुद्ध भारतीय ब्रांडों पर विशेष रूप से अध्ययन किया जाना चाहिए। पुराने ब्रांडों को याद किया जा रहा है, तो एक समय टॉफी का सबसे प्रसिद्ध ब्रांड मॉर्टन हुआ करता था।

# डीकेएस बनाम देवगौड़ा

कर्नाटक में अगले कुछ दिन में विधानसभा चुनाव की घोषणा होने वाली है। उससे पहले कांग्रेस नेताओं का एक समूह एचडी देवगौड़ा परिवार की पार्टी जेडीएस के साथ तालमेल की कोशिश में लगी है। लेकिन कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार कांग्रेस को जेडीएस से दूर ले जाने की कोशिश कर रहे हैं। जेडीएस में भी कुछ ऐसी ही सोच है। उधर भी देवगौड़ा परिवार अपना विकल्प खोल कर रखना चाह रहा है। उसके लग रहा है कि इस बार कांग्रेस की स्थिति बेहतर हुई तो फिर त्रिशंकु विधानससभा बनेगी, जिसमें वह कांग्रेस और भाजपा दोनों से मोलभाव कर सकती है। ध्यान रहे देवगौड़ा परिवार और शिवकुमार परिवार में पुराना झगड़ा है। दोनों वोक्कालिगा समुदाय से आते हैं और दोनों का क्लेम इस समुदाय के वोट पर है। जेडीएस से तालमेल का विरोध करके शिवकुमार यह साबित करना चाहते हैं कि उनकी वजह से वोक्कालिगा कांग्रेस को वोट करेगा और इस लिहाज से मुख्यमंत्री के दावेदार होंगे। अपनी दावेदारी मजबूत करने के लिए वे देवगौड़ा परिवार से सीधी टक्कर करना चाहते हैं। उन्होंने कहा है कि वे अपने सांसद भाई डीके सुरेश को विधानसभा चुनाव लड़ाएंगे। शिवकुमार ने इसके लिए रामनगर विधानसभा सीट की पहचान की है, जहां से एचडी कुमारस्वामी के बेटे निखिल ने चुनाव जीता है।

सोचें, कर्नाटक में कांग्रेस का सिर्फ एक लोकसभा सांसद हैं और वो हैं डीके सुरेश। उनको एचडी देवगौड़ा के पोते के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ाने की डीके शिवकुमार की तैयारी क्या इशारा करती है! यह वोक्कालिगा वोट कांग्रेस की ओर लाने का आक्रामक दांव है लेकिन इससे सिद्धरमैया समर्थक ओबीसी वोट बिदक भी सकता है, जो संख्या में ज्यादा है।

कर्नाटक में कांग्रेस चुनाव पूर्व घोषणाओं में सबको मात देती लग रही है। कांग्रेस ने मुफ्त की रेवड़ियों का पिटारा खोला है। उसकी घोषणाओं से आम आदमी पार्टी के नेता भी हैरान परेशान हैं। भाजपा तो बैकफुट पर है ही। चुनाव की घोषणा से पहले कांग्रेस नेता हर दूसरे या तीसरे दिन कोई नई घोषणा कर रहे हैं। इतना ही नहीं कांग्रेस ने ऐलान किया है कि वह गारंटी पत्र देगी। पार्टी की ओर से दस्तखत किया गया एक गारंटी पत्र सभी नागरिकों को दिया जाएगा, जिसमें लिखा होगा कि कांग्रेस अपना वादा पूरा करेगी। आम नागरिकों को यकीन दिलाने के लिए कांग्रेस गारंटी पत्र दे रही है।

कांग्रेस ने मुफ्त की रेवड़ियों की घोषणा में सबको पीछे छोड़ दिया है। पार्टी ने सभी वयस्क महिलाओं को दो हजार रुपया महीना देने का ऐलान किया है। सोचें, अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में हर महिला को एक हजार रुपया देने का ऐलान किया था। उसके बाद मध्य प्रदेश में कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने हर महिला को डेढ़ हजार रुपया देने का ऐलान किया। अब कर्नाटक में कांग्रेस ने दो हजार रुपए का ऐलान किया है। इसके अलावा कांग्रेस अन्न भाग्य योजना के तहत हर गरीब परिवार को हर महीने 10 किलो अनाज देगी। ध्यान रहे पिछले तीन साल से केंद्र सरकार भी 10 किलो अनाज दे रही थी लेकिन अब वह पांच किलो ही अनाज दे रही है।

कांग्रेस ने चुनाव जीतने के बाद राज्य के लोगों को शिरडी और तिरूपति की मुफ्त यात्रा का भी ऐलान किया है। इसके अलावा दो सौ यूनिट फ्री बिजली देने का वादा भी किया गया है। कांग्रेस ने प्रेशर कुकर, बरतन और एलआईसी का प्रीमियम भरने तक का वादा किया है।

> “ अब आईटी कारोबारियों और स्टार्टअप उद्यमियों में यह डर पैदा हो गया है कि अमेरिकी बैंकों में ज्यादा रकम रखना खतरनाक हो सकता है। इनमें से जो लोग एसवीबी से अपने पैसे अमेरिका के ही किसी दूसरे बैंक में ट्रांसफर करने में कामयाब हो गए, वे भी इस जुगत में लगे हैं कि इसे कैसे भारत ही लाकर रखा जाए। इस चक्कर में गांधीनगर के गिफ्ट सिटी को आपदा में अवसर मिल गया है।

# विदेशी बैंकों के भरोसे न रहे भारत

आलोक जोशी, वरिष्ठ पत्रकार




खुश रहिए या खुश रहो! भारत में बरसों से बुजुर्ग यह आशीर्वाद देते आ रहे हैं। अब कौन कैसे खुश रहेगा या रहेगी, यह बड़ा मसला है। इतना बड़ा कि संयुक्त राष्ट्र को हिसाब जोड़ना पड़ रहा है कि दुनिया के किस देश में खुशी सबसे ज्यादा और कहां सबसे कम है? प्रसन्नता का हाल बताने वाली इस साल की 'वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट' तो आज जारी होगी, यानी भारत में शाम तक सामने आएगी, क्योंकि आज ही 'इंटरनेशल डे ऑफ हैप्पीनेस' या अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस है। मगर पिछले तीन साल से इस रिपोर्ट में भारत तरक्की की सीढ़ियां चढ़ता दिख रहा है। 2020 में 144वें स्थान से भारत 2021 में 139वें और पिछले साल, यानी 2022 की रिपोर्ट में 136वें स्थान पर था।

आप इस बात पर खुश हो सकते हैं कि भारत धीरे-धीरे ऊपर चढ़ रहा है या फिर इस बात पर दुखी भी हो सकते हैं कि कुल जमा 146 देशों की इस सूची में भारत 135 देशों से नीचे और सिर्फ दस देशों से ऊपर क्यों है। पिछले साल की रिपोर्ट में फिनलैंड, डेनमार्क और आइसलैंड के लोग सबसे ज्यादा खुशहाल पाए गए थे। गौर कीजिए, इस सूची में ऊपर के 20 पायदान पर इजरायल, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया को छोड़कर यूरोप और अमेरिका के बाहर का कोई देश शामिल नहीं है। अब कोरोना ने खुशहाली पर कितना असर डाला है?

देखा गया कि कोरोना महामारी दुनिया के लिए सिर्फ दर्द और परेशानी ही नहीं लेकर आई, बल्कि सामाजिक मदद और उदारता के भाव में बढ़ोतरी भी साथ आई है। जाहिर है, बड़ी मुसीबत इंसानों को एक कर देती है। कहा भी गया था कि कोरोना महामारी के बाद दुनिया को देखने का पैमाना बदल जाएगा। ईसा पूर्व और ईसा के बाद के बजाय अब सामाजिक-आर्थिक इतिहास को शायद कोरोना के पहले और कोरोना के बाद के पैमाने पर लिखा और पढ़ा जाएगा। तो अब जब दुनिया कोरोना से पैदा हुए आर्थिक संकट से उबरने की कोशिश में कामयाब होती दिख रही थी, यह भाव और उभरकर खुशहाली के मोर्चे पर उत्साह बढ़ाता दिखना चाहिए था, लेकिन क्या सचमुच ऐसा हो पाया है? इसका जवाब रिपोर्ट में क्या आएगा, इससे ज्यादा महत्वपूर्ण है कि हमें जमीन पर क्या दिख रहा है।

इस वक्त दुनिया के नक्शे का एक बड़ा भाग नई समस्या और नई आशंका से जूझ रहा है। यह सिलसिला अमेरिका के सिलिकॉन वैली बैंक और सिग्नेचर बैंक के डूबने से शुरू हुआ। दुनिया भर के शेयर बाजारों में खलबली मचने लगी और उसके बाद यूरोप के सबसे बड़े बैंक क्रेडिट स्विस की मुसीबत ने तो मानो भूचाल ला दिया। इस बैंक को बीते साल ऐसा घाटा हुआ कि उसके पिछले दस साल के मुनाफे पर पानी फिर गया। यह बैंक दरअसल दुनिया भर के अमीरों के पैसे जमा करने और उनके निवेश का प्रबंधन करने के लिए मशहूर है। हालांकि, स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक स्विस नेशनल बैंक ने पचास अरब फ्रैंक की मदद का एलान कर दिया, लेकिन मुसीबत क्या पूरी तरह टल गई है, यह कहना जल्दबाजी होगी। क्रेडिट स्विस दुनिया के सबसे बड़े बैंकों में से एक है। इसे दुनिया की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। इसका मुसीबत में पड़ना पूरे बैंकिंग उद्योग को खतरे में डाल सकता है। भारत में भी इस बैंक के पास करीब बीस हजार करोड़ रुपये की संपत्ति है और इसीलिए तमाम जानकार कह रहे हैं कि इसका डूबना भारत के लिए सिलिकॉन वैली बैंक के मुकाबले बड़ी मुश्किल खड़ी कर सकता है।

फिलहाल सिलिकॉन वैली बैंक के डूबने का असर बैंकों पर नहीं, पर भारत के स्टार्टअप कारोबारियों पर साफ दिख रहा है। यह बैंक खासकर स्टार्टअप को कर्ज देने के लिए मशहूर था। इसीलिए उनके खाते भी इस बैंक में थे और उनमें मोटी रकम जमा थी। बहुत-सी कंपनियों के स्टाफ की तनख्वाह बांटने का जिम्मा भी इसी बैंक के पास ही था। खैर, उन्हें इस बात से राहत मिली है कि शायद सबकी जमा रकम मिल जाएगी। परेशान कारोबारी आईटी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर के पास गुहार लगा चुके हैं, जिन्होंने वित्त मंत्रालय से उनकी मदद के लिए सिफारिश का वादा भी किया है।

दूसरी तरफ, अब आईटी कारोबारियों और स्टार्टअप उद्यमियों में यह डर पैदा हो गया है कि अमेरिकी बैंकों में ज्यादा रकम रखना खतरनाक हो सकता है। इनमें से जो लोग एसवीबी से अपने पैसे अमेरिका के ही किसी दूसरे बैंक में ट्रांसफर करने में कामयाब हो गए, वे भी इस जुगत में लगे हैं कि इसे कैसे भारत ही लाकर रखा जाए। इस चक्कर में गांधीनगर के गिफ्ट सिटी को आपदा में अवसर मिल गया है। वहां जिन भारतीय बैंकों ने विदेशी कारोबार के लिए अपनी इंटरनेशनल बिजनेस यूनिट खोल रखी है, अब वहां पैसा जमा करवाने के लिए लाइन लग गई है। गिफ्ट सिटी एक इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज सेंटर है, यानी वहां पैसा जमा करना एक तरह से किसी बैंक की विदेशी शाखा में पैसा रखना ही है। अब उद्यमियों को यह चिंता सता रही है कि विदेशी बैंकों से बड़ी रकम लाकर भारत में रखने पर उन्हें टैक्स के पचड़ों में तो नहीं उलझना पड़ेगा। आईटी मंत्रालय के जरिये वे वित्त मंत्रालय से यही छूट हासिल करना चाहते हैं, ताकि अपना पैसा जल्दी से जल्दी यहां ला सकें।

लेकिन इसके बाद भी एक दूसरी मुसीबत पीछा नहीं छोड़ रही है। स्टार्टअप में पैसा लगाने वाले वेंचर फंड या पूंजीपति भी अब काफी सतर्क हो गए हैं। पहले ही इस रास्ते से पैसा मिलना काफी मुश्किल हो चुका था और अब उद्यमियों को डर है कि उन्हें पैसा मिलने के मामले में जो सूखा पड़ा हुआ है, वह अभी लंबा खिंचने वाला है। यानी सर्दी खत्म होने के बावजूद उनके लिए बहार का मौसम अभी दूर ही है। वास्तविक खुशहाली या बहार जल्दी आए, इसके लिए खासकर उत्तर भारत के पिछड़े इलाकों में निवेश या उद्यम के लिए पूंजी की व्यवस्था पर ज्यादा गौर करना चाहिए। शायद सच्ची आर्थिक खुशी या सफलता इसमें है कि विदेशी बैंकों पर हमारी निर्भरता कम से कम हो। तो देखना होगा, क्या इन क्षेत्रों में स्टार्टअप से जुड़ी नीतियां सही काम कर रही हैं, जो युवा उद्यम शुरू करना या चलाना चाहते हैं, क्या उन्हें पर्याप्त पूंजी मिल रही है?

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# विज्ञापनों से फिर बोझिल होने लगी इंटरनेट की दुनिया

जसप्रीत बिंद्रा, तकनीक विशेषज्ञ

इंटरनेट की दुनिया में इधर जो बदलाव हुए हैं, उनका असर किसी चीज को खोजने या सर्च पर दिखाई पड़ने लगा है। चैटजीपीटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़े अन्य वेब उत्पादों की बहुतायत का एक नुकसान यह है कि सर्च करना मुश्किल होता जा रहा है। जब गूगल लॉन्च हुआ था, तब बाकी इंटरनेट पर औचक दिखने वाले विज्ञापनों की भरमार हुआ करती थी। गूगल ने खुद को उपभोक्ताओं के लिए साफ और सरल वेब मंच बताया था, पर अब गूगल में पहली स्क्रीन ही प्रायोजित लिंकों या विज्ञापनों से भरी होती है।

पहले आपने जो सर्च किया है या खोजा है, उनसे जुड़े उत्पादों, दुकानों, कंपनियों के विज्ञापन अब स्क्रीन पर अचानक आ धमकते हैं। गूगल सर्च में सबसे ऊपर अधिकाधिक विज्ञापन वाले लिंक नजर आते हैं। इसी तरह की अव्यवस्था अन्य बड़े वेब मंचों पर भी विस्तार पा चुकी है। जैसे, एलन मस्क ट्विटर में जैसे ही कुछ फेरबदल करते हैं, इस सोशल मंच पर हर जगह गैर-जरूरी ट्वीट दिखने लगते हैं। फेसबुक के बारे में तो जितना कम कहा जाए, उतना ही अच्छा। यहां मार्क जकरबर्ग हरसंभव उत्पादों और चीजों को परोसते हुए दिखते हैं। मेटा कंपनी मानो इंस्टाग्राम को टिकटॉक बनाने की कोशिश में लग गई है और इसके कई वफादार उपयोगकर्ता 'इंस्टाग्राम को इंस्टाग्राम रहने दो' जैसा अभियान चला रहे हैं। टिकटॉक भी अपनी चमक खो रहा है, और सबसे ताकतवर अमेजन भी विज्ञापनों से परेशान है, क्योंकि कारोबारी सुस्ती से निपटने के लिए वह विज्ञापनों से होने वाली कमाई पर ज्यादा भरोसा करने लगा है।



अर्थशास्त्री टिम हार्फोर्ड ने इस मामले को आर्थिक चश्मे से देखने की कोशिश की है। अपने एक लेख में उन्होंने लेखक व कार्यकर्ता कोरी डॉटरो का जिक्र किया है, जिन्होंने सभी वेब नेटवर्कों की इस प्रवृत्ति के लिए एक शब्द गढ़ा है- एनशिटिफिकेशन। 'कैसे प्लेटफॉर्म खत्म होते हैं' शीर्षक से डॉटरो ने लिखा है, 'सबसे पहले ये वेब कंपनियां अपने यूजर्स के लिए अच्छी बनती हैं, फिर वे अपने कारोबारी ग्राहकों के लिए चीजों को बेहतर बनाने की खातिर आम यूजर्स के साथ बुरा बर्ताव करना शुरू कर देती हैं, और अंततः वे उन व्यावसायिक ग्राहकों को भी परेशान करने लगती हैं, ताकि तमाम लागत-मुनाफा वसूल हो जाए।

सोशल मंचों के संदर्भ में इसे देखें, तो ये मंच पहले उपभोक्ताओं के लिए स्वच्छ इंटरफेस, तेज परिणाम, बढ़िया कनेक्शन के साथ नेटवर्क तैयार करते हैं। फिर, जैसे-जैसे लोगों की आमद बढ़ती जाती है, वे उनको पूंजी में बदलने के लिए दबाव बनाना शुरू देते हैं। आम ग्राहकों के बूते मजबूत होने के बाद इन कंपनियों का रुझान व्यावसायिक ग्राहकों की तरफ बढ़ने लगता है।

इसके बाद कोई एरिक एमर्सन शिमट कारोबार की बागडोर संस्थापकों से अपने हाथों में ले लेता है और ग्राहकों को खुश करने के हरसंभव उपाय करने लगता है। फिर प्रमुख मंच बनने के बाद वह भी समान रूप से कारोबारी ग्राहकों व सामान्य यूजर्स के साथ दुर्व्यवहार करने लगता है।

किसी भी सफल नेटवर्क या मंच को दो प्रमुख कारक मजबूती देते हैं- नेटवर्क का प्रभाव और नेटवर्क बदलने में लगने वाली लागत। मसलन, लोग किसी नेटवर्क का इस्तेमाल इसलिए करते हैं, क्योंकि वहीं उनके मित्र हैं। किसी के संगी-साथी वाट्सएप पर हैं, तो किसी के फेसबुक पर। यही है नेटवर्क का प्रभाव। जबकि स्विचिंग कॉस्ट या नेटवर्क बदलने में लगने वाली लागत को इस तरह समझा जा सकता है कि किसी का ट्विटर छोड़कर कू पर जाना, यानी कू पर फिर से दोस्त बनाना, या अमेजन से हटने का मतलब, वहां की अपनी ई-पुस्तकों से भी हाथ धो बैठना। सोशल नेटवर्क जान-बूझकर ऐसी व्यवस्था बनाते हैं कि आप उनकी शर्तों या बाध्यताओं से होकर ही आगे बढ़ सकें। यही हम आज वेब पर हर जगह देख रहे हैं।

आज सफल नेटवर्क भारी नुकसान झेल रहे हैं। उन्हें ग्राहकों और आम लोगों की सुविधा के अनुरूप बदलना चाहिए। यह सुझाव दिया गया है कि जब कोई एक मंच से दूसरे पर जाए, तो उसका पूरा सामाजिक ग्राफ और सामाजिक समुदाय भी साथ-साथ जाना चाहिए। मंचों को मिलकर यह सुविधा देनी चाहिए।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# मजबूत वैश्विक छवि के लिए एकजुटता की शर्त

गुरबचन जगत

भारत में जी-20 सम्मेलन के सिलसिले में पिछले कुछ महीनों से राजनयिक मोर्चे पर नाना प्रकार की गतिविधियां हुई हैं। दुनियाभर से विभूतियां पहुंची हैं। आयोजन को सफल बनाने में विदेश मंत्रालय विदेशों में काफी सक्रिय रहा है। आने वाले महीनों में भी, राजनयिक गतिविधियां तेज गति से जारी रहेंगी। किन्हीं मामलों में पश्चिमी देश भारत को लुभाते नज़र आते हैं तो कुछ में दरकिनार करते हुए। अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति का चक्र निरंतर घूमता रहता है- न कोई स्थाई मित्र, न स्थाई शत्रु, केवल स्वहित चिरस्थाई।

अपनी 140 करोड़ से ज्यादा की आबादी के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था, जो पिछले दो दशकों से ज्यादा से दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती आर्थिकियों में एक रही हो और जिसकी स्थिति इस उप-महाद्वीप में सामरिक रूप से भी काफी महत्वपूर्ण हो, उसको अपने पाले में लाने के यत्न समझे जा सकते हैं। हालांकि बताना चाहूंगा कि हमारे हित सुरक्षित रहें- घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय - इस हेतु एक सफल विदेश नीति बनाने के लिए कुछेक पूर्व अपेक्षित शर्तों का होना जरूरी है। सर्वप्रथम, एक सुरक्षित एवं स्थिर भारत होना अति आवश्यक है। अगर हम अपनी सीमाओं के अंदर मजबूत और सतत होंगे तभी तो विदेशों में अपनी छवि चमका पाएंगे। हमें पूरे देश को संपूर्णता से देखना चाहिए। हर तरह की विचारधारा और लोगों को साथ लेकर चलना होगा। नीतियां तय करने और उनके क्रमिक विकास में, आपसी मनमुटावों को अलहदा रखना होगा। यह प्रथा विगत में रही, जब सत्ता पक्ष विपक्षियों को भरोसे में लेकर सर्वसम्मति बनाता रहा। जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह की सत्ता के दिनों में यह एक परिपाटी थी। मुझे यकीन है कि आगे भी यह रिवायत कायम रहेगी बल्कि इसे और मजबूत किया जाए।



मौर्य और गुप्त साम्राज्य का भारतवर्ष बहुत विशाल था। वह युग 'स्वर्ण काल' के रूप में जाना जाता है। चंद्रगुप्त मौर्य ने एक बहुत सफल प्रशासनिक व्यवस्था स्थापित की थी। खम्बों पर खुदे सम्राट अशोक के लोक-कल्याणक प्रवचन तो जगप्रसिद्ध हैं। कलिंग युद्ध के बाद वाला काल शांति और धार्मिक सहिष्णुता के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। इस दौरान घरेलू और विदेशी व्यापार एवं कृषि का विकास हुआ, ज्ञान-विज्ञान की उन्नति हुई। मैंने भारत के इन युगों का जिक्र इसलिए किया क्योंकि यह अंदरूनी रूप से शक्तिशाली भारत था, जिसके सामर्थ्य का डंका विदेशों में बजा। व्यापार ने बहुत ऊंचाई को छुआ और भारत की सभ्यता का प्रभाव देश-देशांतर तक फैला। सिल्क रूट और ग्रैंड-ट्रंक रोड से होते हुए, मसालों के साथ-साथ, भारत से बौद्ध और जैन धर्म बतौर एक विचार और धर्म विदेशों तक जा फैले। भारतीय मसालों की भांति हमारी सभ्यता और विचारधारा की खुशबू विदेशों में फैली। दक्षिण भारत की रियासतों ने नौवहनीय दक्षता हासिल की, जिसके उपयोग से अन्य देशों से व्यापारिक रिश्ते बने और उन्हें प्रभावित किया। अब समय है कि हम विश्व को अपना एकजुट स्वरूप पेश करें। वह एकीकृत भारत जो मजबूत, स्थिर संस्थानों और बढ़िया प्रशासनिक ढांचे वाला हो। पर यह हो नहीं रहा, नतीजतन जो हमारी छवि है वह आपसी फूट, कटुता और धार्मिक एवं जातीय लीक पर ध्रुवीकरण वाली है। वह काम जो वास्तव में उन्हें करना चाहिए, उसकी बजाय हमारे संस्थान निढाल पड़े हैं और अपनी विधिक जिम्मेवारी निभाने के प्रति ढुलमुल। संसद और राज्यों की विधान सभाएं अब सार्थक बहस का मंच और अधिक न होकर अराजकता का मंज़र पेश करती हैं। उच्च न्यायपालिका का कार्यपालिका से टकराव लगता है। उधर 'हम भारत के लोग' यानि जनता अनेकानेक दबावों-खिंचावों की वजह से हैरान-परेशान है। अगर यह वही तस्वीर है जो हम पेश कर रहे हैं, तब कैसे एक भरोसेमंद विदेश नीति बन सकेगी?

बात वापस विदेश नीति की करें, शुरुआत अपने एकदम पास-पड़ोस यानि पाकिस्तान, चीन, नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश, म्यांमार और भूटान से करें। पहले दो को छोड़कर, बाकी के पांच काफी छोटे देश हैं, जिनके साथ हम अपने संबंध व्यापार और अन्य नीतियों के जरिये मजबूत कर सकते थे। इन पांचों के साथ अब चीन ने पींगें बढ़ा ली हैं। यहां तक कि बांग्लादेश और भूटान को भी चीन बेतरह डोरे डाल रहा है। चीन ने श्रीलंका, म्यांमार और पाकिस्तान में बंदरगाह सुविधाएं पाकर हमारे एकदम पड़ोस में अपनी सैन्य पैठ बना ली है। 'वन बेल्ट, वन रोड' नीति तो बनाई ही इसलिए गई है ताकि चीन के प्रभाव का विस्तार घरेलू सीमाओं से परे विदेशों में भी हो सके। गौरतलब है कि यूरोप के छोटे-छोटे मुल्क, जो लंबे समय से यूक्रेन के पड़ोसी मित्र रहे हैं, आज वही उसके शरणार्थियों को अपने यहां प्रथम मानवीय सहायता मुहैया करवा रहे हैं।

अब अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और मुख्य यूरोपियन शक्तियां, भारत को अपने पाले में लाने के लिए लुभाने में लगी हैं। लेकिन जाया किसके साथ जाये, लगता है हमें ज्यादा मालूम नहीं है। परंतु, आखिर कबतक हम 'एकला चलो' बने रहेंगे? धीरे-धीरे चूड़ियां कसी जा रही हैं और किसी खांचे में फिट होने का दबाव बढ़ता जा रहा है। क्वाड नामक गुट में हमारे लिए अबतक कुछ ठोस नहीं निकल पाया है, जबकि इसका 'ऑकस' (आस्ट्रेलिया-यूएस-यूके) घटक ऑस्ट्रेलिया में परमाणु पनडुब्बियां बनाने के लिए तकनीक साझा करने जा रहा है। अंतरिम तौर पर, अमेरिका और यूके ऑस्ट्रेलिया को तीन परमाणु पनडुब्बियां मुहैय्या करवाएंगे और आगे यह भी पता चला है कि टॉमहॉक मिसाइलें भी। क्वाड गुटबंदी के तहत जितना कुछ ऑस्ट्रेलिया को दिया जा रहा है, उसके बरक्स भारत को मूर्त रूप में बहुत कम मिल रहा है।

दुनिया में ऊंचा रुतबा रखने वालों में यदि हम खुद को देखना चाहते हैं तो अपनी छवि एक ऐसे राष्ट्र की पेश करनी होगी जो सुरक्षित, मित्रों से सतत दोस्ती रखने वाला, प्रभावशाली और संस्थानों की सर्वश्रेष्ठता से युक्त है। अगर चीन हमारे पड़ोसियों को प्रभावित कर सका है, तो हम क्यों नहीं वियतनाम, कम्बोडिया, फिलीपींस और प्रशांत महासागर क्षेत्र के द्वीपीय मुल्कों पर ध्यान केंद्रित करते, बल्कि वे हमारा स्वागत करेंगे।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## मुंबई के सिंगर के गानों पर जमकर झूमे लोग: सिंधी काउंसिल ने किया होजमालो 2023 का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में सिंधी काउंसिल ने होजमालो 2023 का आयोजन भगवान झूलेलाल जयंती के अवसर पर किया। इस कार्यक्रम में मुंबई के मशहूर सिंधी गायक मोहित शिवानी ने परफॉर्मेंस दी। सिंगर के शानदार गानों को लोगों ने खूब एंजॉय किया।





इसके साथ ही कई अन्य कलाकारों ने भी मंच से अपनी परफॉर्मेंस दी। इस इवेंट में रायपुर सांसद सुनील सोनी और पूर्व विधायक श्री चंद्र सुंदरानी भी पहुंचे। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंह ने बताया कि समाज के लोगों ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मशहूर सिंधी गायक मोहित शिवानी के कई बेहतरीन गानों ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कॉमेडियन परमानंद प्यासी ने लोगों को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया। साथ ही मुंबई से आए बैंड ने भी कमाल की परफॉर्मेंस दी। समाज के लोगों ने भगवान झूलेलाल की आरती की। सांसद सुनील सोनी ने कहा कि सिंधी काउंसिल लगातार लोगों के लिए भलाई का काम कर रहा है। अलग-अलग त्योहारों में काउंसिल के सदस्य लोगों की मदद करते रहते हैं। आगे उन्होंने समाज के सभी लोगों को झूलेलाल जयंती की शुभकामनाएं दी। दरअसल सिंधी काउंसिल के सदस्य प्रदेश के हर पर्व में गरीब तबकों के घरों में खुशी लाने के लिए उनकी मदद करते रहते हैं।

## खास खबर

### बूथ सशक्तिकरण अभियान में भगतसिंह शक्ति केंद्र के बूथ की हुई बैठक

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे 17 मार्च से 27 मार्च तक बूथ सशक्तिकरण अभियान में शक्तिकेंद्र में आने वाले प्रत्येक बूथ में बैठक किया जा रहा है। रविवार को जगदलपुर के भगतसिंह शक्ति केंद्र के बूथ क्रमांक 147 में बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत बैठक आयोजित की गई। बैठक में बूथ समिति के 25 सदस्य उपस्थित रहे, 25 सदस्यों में से 11 सदस्यों को अध्यक्ष, सचिव, मन की बात, व्हाट्सएप ग्रुप प्रमुख, लाभार्थी प्रमुख, महिला प्रमुख, युवा प्रमुख, सामाजिक श्रेणी प्रमुख, प्रभावी मतदाता प्रमुख, बूथ में साल भर में आयोजित 06 कार्यक्रमों का प्रमुख बनाया जाकर कार्यक्रम की जिम्मेदारी दी गई एवं बूथ सशक्तिकरण अभियान प्रपत्र में विस्तारक नरेंद्र पाणिग्राही एवं संयोजक उमेश वानखेड़े द्वारा लिपिबद्ध किया गया। बैठक के दौरान शक्ति केंद्र प्रभारी एवं नगर महामंत्री आर्यन सिंह आर्य, पार्षद श्रीमती दयावती देवांगन, खेम देवांगन, बूथ अध्यक्ष करण शंकर जैन, अनुराग ठाकुर, गोदावरी ठाकुर, गिरजा शंकर साहू, तिलक देवांगन, राजेंद्र देवांगन, सुरेश हरषानी, रीता साहू एवं बड़ी संख्या में बूथ के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### नगर साहू समाज के द्वारा कर्मा जयंती एवं वार्षिक सम्मेलन धूमधाम से मनाया गया

**नगरी।** नगर पंचायत नगरी में साहू समाज के द्वारा शनिवार कर्मा जयंती एव वार्षिक सम्मेलन धूम धाम से मनाया जिसमें बुढ़ापारा साहू समाज से मां कर्मा जयंती के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर साथ छोटे छोटे बच्चे व महिलाओं के द्वारा सिर पर कलश लेकर प्रारंभ किया गया साथ ही बरगद चौक बजरंग चौक बस स्टैंड से होते हुए सामुदायिक साहू सदन भवन पहुंची कार्यक्रम का शुभारंभ कर्मा माता की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष आराधना नागेन्द्र शुक्ला अध्यक्षता नगर साहू समाज नगरी ईश्वरलाल नेताम विशेष अतिथि के रूप में तहसीलदार मगररोड़ गेंद लाल साहू ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के आर साहू नगर अध्यक्ष भूपेंद्र साहू सभापति नगर पंचायत ललिता साहू संरक्षक तहसील साहू समाज नगरी सहदेव राम साहू अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ महेश्वरी साहू कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष वरुण किरण साहू अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ अनिरुद्ध एवं समस्त साहू समाज के छोटे-छोटे बच्चे एवं युवा महिलाओं एवं बुजुर्गों अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित थे साथ ही ऐसे छात्र-छात्राएं जो उत्कृष्ट श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं।

### कांकेर जिला अस्पताल में एम आर आई मशीन का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

## स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रदेश सरकार कृत संकल्पित

**कांकेर और आसपास के क्षेत्र के मरीजों को मिलेगा सीधा लाभ, एमआरआई के लिए मरीजों को नहीं जाना होगा बाहर', डायलिसिस और हमर लैब का भी जिला अस्पताल में हो रहा है सफल संचालन**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांकेर के जिला अस्पताल में एम आर आई मशीन का शुभारंभ कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। इस मौके पर उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी के लिए प्रतिबद्धता के साथ शासन इसी प्रकार कार्य करती रहेगी। स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में एम आर आई जांच की सुविधा से क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा।



उल्लेखनीय है कि कांकेर जिला अस्पताल प्रदेश का पहला जिला अस्पताल है, जहां 6 करोड़ 49 लाख की लागत से एम आर आई मशीन स्थापित की गई है। विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम अब इसका लाभ मरीजों को मिलने लगेगा। जरूरतमंदों को मिलेगी एमआरआई जांच की सुविधा सही समय पर बीमारियों का पता लगने से होगा सटीक ईलाज, एमआरआई के लिए मरीजों को नहीं जाना पड़ेगा बाहर जिला चिकित्सालय कांकेर में एम आर आई मशीन का शुभारंभ होने से जरूरतमंदों को अब जिला अस्पताल में ही जांच की सुविधा मिल सकेगी।

एम आर आई मशीन एक विशेष चिकित्सा जांच उपकरण है, जिससे अनेकों बीमारियों की त्वरित जांच कर उसके निदान में सफलता पाई जा सकती है।

एमआरआई स्कैन का इस्तेमाल मस्तिष्क, हड्डियों व मांसपेशियों, सॉफ्ट टिश्यू, चेस्ट, ट्यूमर-कैंसर, स्ट्रोक, डिमेंशिया, माइग्रेन, धमनियों के ब्लॉकेज और जेनेटिक डिसऑर्डर का पता लगाने में होता है, बीमारी की सटीक जानकारी के लिए यह जांच होती है।

एम.आर. आई स्कैन के द्वारा शरीर के लगभग सभी हिस्सों जैसे हड्डियों और जोड़ों की जांच, दिमाग और रीढ़ के हड्डी की जांच, हृदय और रक्त वाहिकाओं की जांच, स्तनों की जांच सहित अन्य अंदरूनी अंगों जैसे गर्भाशय, लीवर और पौरूष ग्रंथि आदि की जांच की जा सकती है। एम.आर.आई. के लिए अब तक क्षेत्र के मरीजों को बाहर रेफर किया जाता था, लेकिन अब जिला चिकित्सालय कांकेर में एमआरआई जांच होगी, इससे लोगों के समय की बचत होगी। जांच होने से बीमारियों के वास्तविक कारण का समय पर पता चल पाएगा और ईलाज भी सही दिशा में आगे बढ़ेगी। यह भी उल्लेखनीय है कि कांकेर जिला चिकित्सालय में पहले से ही डायलिसिस यूनिट और हमर लैब भी सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। फरवरी 2023 तक 8 हजार 521 मरीजों का निःशुल्क डायलिसिस हो चुका है। इसी प्रकार हमर लैब के माध्यम से 3 लाख 93 हजार लोगों को निःशुल्क जांच की सुविधा भी मिली है।

## भक्त कर्मा माता ने मानव सेवा का पाठ पढ़ाकर अन्याय से लड़ना सिखाया : रंजना साहू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**धमतरी।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ साहू समाज के द्वारा आराध्य देवी भक्त कर्मा माता की जयंती मनाएं, ग्राम लोहरसीं में समस्त तेली साहू समाज के द्वारा कर्मा जयंती महोत्सव मनाया गया एवं विधायक निधि से स्वीकृत शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रंजना डीपेंद्र साहू शामिल हुई, कार्यक्रम की अध्यक्षता खरतुली परिक्षेत्र अध्यक्ष ललित चौधरी ने किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला साहू संघ उपाध्यक्ष केकती साहू उपस्थित रहे। सर्वप्रथम विधायक ने शेड निर्माण का लोकार्पण किए। समस्त ग्रामीण साहू समाज लोहारसीं एवं अतिथियों की उपस्थिति में भक्त शिरोमणि कर्मा माता की आरती की गई एवं विधायक रंजना साहू ने कर्मा माता, राजिम भक्ति माता, दानवीर भामाशाह, तेलीनसत्ती माता की जयकारे लगाते हुए खिचड़ी के भोग भगवान श्री कृष्ण को लगाएं।

सभी अतिथियों का स्वागत साहू समाज के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया, विधायक रंजना साहू ने कहां कि भक्त माता कर्मा ने हमें प्रेम ,भक्ति भाव ,करुणा और मानव सेवा का पाठ पढ़ाया है, उन्होंने हमें अन्याय से लड़ना सिखाया है। आराध्य माता कर्मा के जीवन से आत्मबल, परोपकार, समाजिक समरसता, निर्भीकता, साहस, पुरूषार्थ, समानता, दया, करूणा, भक्ति और राष्ट्रभावना की शिक्षा मिलती है।

विधायक श्रीमती साहू ने आगे कहा कि उन्होंने संसार के हर दु:ख-सुख को स्वीकारा और अन्याय का डट कर मुकाबला किया। गृहस्थ जीवन को पूर्ण सम्पन्नता के साथ यापन कर नारी जाति का सम्मान बढ़ाया, उन्होंने अपनी भक्ति भाव से साक्षात् भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए और अपनी गोद में लेकर बालकृष्ण को अपने हाथों से खिचड़ी खिलायी यह हमारे साहू समाज का सौभाग्य है।

परिक्षेत्र अध्यक्ष ललित चौधरी ने भक्त माता कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताएं मार्ग पर चलने की बात कहा। जिला साहू संघ उपाध्यक्ष केकती साहू ने मातृशक्तियों का अभिवादन करते हुए कहा कि नारी शक्ति आज सभी क्षेत्रों में आगे बढ़कर नाम रोशन कर रही है। समाज के सभी गतिविधियों में भाग ले रही है।

## कलेक्टर ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र के सामरी सबाग स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण

**बलरामपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. कुसमी विकासखण्ड के अंतर्गत सुदूर नक्सल प्रभावित क्षेत्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सबाग व सामरी का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने अधिक से अधिक संस्थागत प्रसव कराने तथा ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने सुदूर नक्सल प्रभावित क्षेत्र सबाग के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारियों की जानकारी ली। उन्होंने प्रतिदिन ओपीडी में आने वाले मरीजों तथा संस्थागत प्रसव के संबंध में जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक संस्थागत प्रसव कराने को कहा। कलेक्टर दवा भण्डार कक्ष का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दवाओं की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से सबाग मुख्य मार्ग तक बीटी रोड़ निर्माण हेतु प्राक्क्लन तैयार करने के निर्देश दिये। दयाराम के. ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सामरी का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## दिव्यांगों को मिला व्हीलचेयर और ट्राई साइकिल, मिली सम्मान राशि

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कांकेर जिले के ग्राम करप पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज 12 दिव्यांगों को व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल और श्रवण यंत्र प्रदाय किया। इस दौरान चिरायु योजना से लाभान्वित हुए बच्चों ने मुख्यमंत्री बघेल को गुलाब का फूल भेंटकर धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने भी बच्चों के स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। चिरायु योजना के माध्यम से 4 बच्चों को जन्मजात हृदय रोग तथा 01 बच्चे को मोतियाबिंद की बीमारी से निजात मिली है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस अवसर पर श्रम विभाग के अंतर्गत संचालित मेधावी छात्र-छात्रा शिक्षा प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना तथा मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के 13 हितग्राहियों को चेक प्रदाय भी किया।



## मंत्री मोहम्मद अकबर ने दुधकंवरा अहिर यादव समाज के 15 नृतक दल को 3 लाख 75 हजार रुपए की राशि स्वीकृत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति और लोक परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर ने अपने जनसम्पर्क निधि से कबीरधाम जिले के दुधकंवरा अहिर यादव समाज के 15 नृतक दल को 3 लाख 75 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की।

मंत्री श्री अकबर ने अपने विधानसभा क्षेत्र के दौरे में जिले के विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होकर समाज और संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए घोषणाएं की है, जिसकी स्वीकृति प्रदान की गई है। रेस्ट हाउस रेंगाखार कला में दुधकंवरा अहिर यादव समाज के प्रत्येक नृतक दल को 25द-25 हजार रूपए का



चेक वितरण किया गया। यादव समाज ने इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और केबिनेट मंत्री अकबर को धन्यवाद ज्ञापित किया। केबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक श्री अकबर अपने विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर जिले के अंतिम छोर में बसे गावों में पहुंचकर वहां के निवासियों से सीधा संवाद कर रहे है। वहां के ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी मांग, समस्या और शिकायतों को सुनकर उसका निराकरण भी कर रहे है। इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होकर समाज को आगे बढ़ाने और संस्कृति को जीवंत रखने लगातार कार्य किया जा रहा है। मंत्री श्री अकबर विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होकर उनके विकास के लिए घोषणाएं भी की है। जिसकी स्वीकृति दी गई है। केबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर ने अपने जनसम्पर्क निधि से 15 दुधकंवरा अहिर यादव समाज के नृतक दल को 3 लाख 75 हजार रुपए की राशि स्वीकृत दी। इनमें ग्राम बाधाटोला के गांधीराम यादव, अगरी के धन सिंह यादव, उसरवही के चोवाराम, भेलवाटोला के सामरू यादव, खमरिया के सवन लाला यादव, नयाबाड़ा के दशरत यादव, बावातालाब के महरू यादव, लावा के महंगू यादव, कोयलारझोरी के धूरसिह यादव, लोहारीडीही के कार्तिक यादव, कवर्धा के रोहित यादव, नगवाही के जैपाल यादव, गीधनखार के भुवन यादव, रेंगाखार कला के विकास यादव और अंगना के धनीराम यादव को चेक का वितरण किया गया।


आवश्यकता है
लड़के एवं लड़कियों की
वेतन चार अंकों में
भिलाई मसाला उद्योग
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766







# मौसम विभाग ने जारी किया यलो अलर्ट, बारिश के आसार

**रायपुर (ए)।** पिछले चार दिनों से छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। चार दिन पहले तक जहां लोग गर्मी से परेशान होने लगे थे, वहीं अब बारिश के चलते हल्की ठंड का सामना कर रहे हैं।

शुक्रवार को हल्की बूंदाबांदी के बाद शनिवार की दोपहर में तेज बारिश हुई थी और रविवार की शाम से रात तक करीब दो घंटे तक रुक-रुक बारिश हुई। शनिवार को हुई बारिश के बाद ही तापमान में काफी गिरावट आई। दिन के अधिकतम तापमान में आठ डिग्री और रात के न्यूनतम तापमान में सात डिग्री तक की गिरावट आई है। कई लोग तो शाम को स्वेटर और गर्म कपड़े पहने हुए नजर आए। मौसम विभाग ने अगले दो से तीन दिनों तक तेज हवाओं और गरज चमक के साथ बारिश होने की आशंका जताई है। जबकि 13 जिलों के यलो अलर्ट जारी किया है।




रविवार की शाम करीब सात बजे से तेज हवाओं और गरज चमक के साथ जोरदार बारिश हुई। बारिश इतनी तेज थी कि नेशनल हाईवे से गुजरने वाली वाहनों की रफ्तार भी धीमी हो गई। लोग दुकानों और भवनों के नीचे छिपकर बारिश बंद होने का इंतजार करते रहे। शाम सात बजे से शुरू हुई बारिश करीब आठ बजे बंद हुई।

इसके बाद फिर से नौ बजे से बारिश शुरू हुई और 10 बजे के बाद बंद हुई। शनिवार की दोपहर में एक घंटे की बारिश के बाद तापमान में अच्छी खासी गिरावट हुई। दिन का अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री से घटकर 28.2 डिग्री आ गया और रात का तापमान 21.2 डिग्री से गिरकर 14.2 आ पहुंचा। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि सोमवार को प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। दुर्ग जिले में भी शाम और रात तक तेज हवाओं और गर चमक के साथ बारिश हो सकती है।

# निशुल्क चिकित्सा शिविर में 100 मरीजों की जांच

**रायपुर (ए)।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं एसके केयर हॉस्पिटल पचपेड़ी नाका रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम माना बस्ती के शासकीय प्राथमिक शाला में रविवार को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेश के अध्यक्ष अरविन्द ओझा एवं महासचिव सुनील ओझा ने बताया कि इस परामर्श शिविर में विभिन्न रोगों से संबंधित लगभग 100 मरीज आये, जिनके उपचार के लिए डॉ पल्लवी गुल्हानी, डॉ पलक शर्मा, डॉ लता चन्द्राकर, डॉ बघेल, डॉ अदिति पाण्डेय, डॉ जौहरी, महेश तिवारी आदि ने अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर में विभिन्न रोगों के साथ डायबिटीज व थायराइड की तत्काल जांच कर आवश्यकता अनुसार निशुल्क दवाइयां प्रदान की गई।

## खास खबर...

### विधानसभा अध्यक्ष ने वीरांगना अवंतीबाई के बलिदान दिवस पर दी श्रद्धांजलि



**रायपुर (ए)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने महारानी वीरांगना अवंती बाई लोधी की पुण्यतिथि (बलिदान दिवस) पर उनकी वीरता को याद करते हुए दी श्रद्धांजलि। डॉ महंत ने कहा, मध्यभारत की क्रांति की प्रमुख, वीरांगना अवंतीबाई बाल्यकाल से ही बड़ी वीर और साहसी थी। अंग्रेजों की गुलामी और उनके क्रूर अत्याचारों से देश को मुक्त करना चाहती थी। रानी ने अपनी ओर से क्रांति का संदेश देने के लिए अपने आसपास के सभी राजाओं और प्रमुख जमींदारों को चिट्ठी के साथ कांच की चूड़ियां भिजवाईं। उस चिट्ठी में लिखा था- 'देश की रक्षा करने के लिए या तो कमर कसो या चूड़ी पहनकर घर में बैठो। तुम्हें धर्म-ईमान की सौगंध, जो इस कागज का सही पता बैरी को दो।' सभी देशभक्त राजाओं और जमींदारों ने रानी के साहस और शौर्य की बड़ी सराहना की और उनकी योजनानुसार अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का झंडा खड़ा कर दिया। विस अध्यक्ष डॉ महंत ने कहा कि, नि:संदेह वीरांगना अवंतीबाई का व्यक्तिगत जीवन जितना पवित्र, संघर्षशील तथा निष्कलंक था, उनकी मृत्यु (बलिदान) भी उतनी ही वीरोचित थी। धन्य है वह वीरांगना जिसने एक अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत कर 1857 के भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में 20 मार्च 1858 को अपने प्राणों की आहुति दे दी। ऐसी वीरांगना का देश की सभी नारियों और पुरुषों को अनुकरण करना चाहिए और उनसे सीख लेकर नारियों को विपरीत परिस्थितियों में जज्बे के साथ खड़ा रहना चाहिए और जरूरत पड़े तो अपनी आत्मरक्षा व अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए वीरांगना का रूप भी धारण करना चाहिए।

# छत्तीसगढ़ में भेड़ पालन एवं ऊन संवर्धन बोर्ड का गठन किया जाएगाः भूपेश बघेल

**महादेव घाट में भवन निर्माण के लिए 50 लाख की घोषणा, पारंपरिक एवं आधुनिक तकनीक से बुनाई के लिए मिलेगा युवाओं को प्रशिक्षण**

### उद्योग एवं व्यवसाय के लिए रियायती दर पर मिलेगी भूमि और बिजली की सुविधा

### मुख्यमंत्री झेरिया-गड़रिया समाज के वार्षिक अधिवेशन में हुए शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में गड़रिया समाज की एक अलग पहचान है। गड़रिया समाज पहले से ही प्रतिष्ठित और सम्मानित समाज है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गरीब-मजदूर, किसान सहित सभी वर्गों के विकास के लिए नीति बनाकर कार्य कर रही है। श्री बघेल ने कहा कि जब सभी परिवार और समाज आर्थिक रूप से मजबूत होगा तभी छत्तीसगढ़ और देश आगे बढ़ेगा।**



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर स्थित स्वर्गीय बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित झेरिया गड़रिया (पाल, धनगर) समाज के वार्षिक अधिवेशन को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर समाजजनों की मांग पर भेड़ पालन एवं ऊन संवर्धन बोर्ड गठन की घोषणा की। साथ ही महादेव घाट में सामाजिक भवन निर्माण हेतु 50 लाख रूपए देने की घोषणा की। अधिवेशन में गड़रिया समाज के लोगों ने स्व-निर्मित खुमरी, कंबल पहनाकर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में समाज के उत्कृष्ट और प्रतिभावान व्यक्तियों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री बघेल ने गड़रिया समाज के वार्षिक अधिवेशन को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में आधुनिक उद्योग धंधों के कारण परंपरागत रूप से कार्य करने वाले लोगों पर संकट गहराता जा रहा है, इससे गड़रिया समाज भी अछूता नहीं है। उन्होंने कहा कि झेरिया गड़रिया समाज सहित सभी वर्गों के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध हैं। जहां-जहां भेड़ पालन किया जा रहा है, ऐसे परिवारों और उनके बच्चों को पारंपरिक और आधुनिक मशीनों के जरिए बुनाई कार्य का प्रशिक्षण और भेड़ एवं बकरी पालन की नई तकनीक की जानकारी दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झेरिया-गड़रिया समाज के युवाओं को उनके पारंपरिक व्यवसाय और उद्योग के लिए हरसंभव मदद दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए उन्हें रियायती दर पर जमीन और बिजली आदि सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि अन्य समाजों की तरह गड़रिया समाज को भी नवा रायपुर में रियायती दर पर जमीन दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने अधिवेशन में कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) के तहत ग्रामीणों को पारंपरिक व्यवसाय के साथ ही छोटे-छोटे व्यवसाय के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए बजट में 600 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि गोधन न्याय योजना के तहत बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण गोबर खरीद कर वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने के काम कर रही हैं। इसके साथ ही गौठानों में बकरी पालन, मुर्गी पालन सहित अन्य व्यवसाय से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। अब गौठानों में गोबर से पेंट बनाने का काम भी शुरू हो गया, इसके अलावा बिजली उत्पादन का काम भी किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण और शहरी बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता में है। इसी उद्देश्य से आईटीआई में नए और आधुनिक ट्रेड खोले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के बेरोजगार युवकों को इस वित्तीय वर्ष से 2500 रूपए बेरोजगारी भत्ता देने का भी प्रावधान बजट में किया है। अब युवाओं को बेरोजगारी भत्ता के साथ-साथ उन्हें रूचिकर विषयों में व्यवसाय एवं उद्योग के लिए प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। कार्यक्रम को खाद्य और संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, सर्व गड़रिया समाज के अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद महतो, झेरिया-गड़रिया समाज के प्रदेश अध्यक्ष मिलन धनगर सहित समाज के पदाधिकारी और समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### 'वॉकर्स स्ट्रीट' में शामिल हुए रायपुरियंस : जुंबा-योगा के साथ फिटनेस और नो स्पिट का दिया संदेश

**रायपुर (ए)।** हेल्थ फिटनेस और स्वच्छता का संदेश देने रविवार की सुबह रायपुर स्मार्ट सिटी की टीम के साथ रन ग्रीन और इनर व्हील के साथ सभी आयु वर्ग के लोग पंडरी के ऑक्सीजोन में एकत्र हुए। जुंबा, योगा और आउटडोर गेम्स के साथ रायपुरियंस ने जमकर पसीना बहाया। शहर को पान गुटखे के पीक से बचाने की मुहिम से सभी को जोड़ने इनर व्हील की महिलाओं ने स्मार्ट सॉल्यूशन के तौर पर स्टार्ट अप द्वारा तैयार किए गए स्मार्ट स्पिट बिन और स्पिट कप नि:शुल्क वितरित किए। लोगों को यह समझाईश भी दी गई कि सड़कों या सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों, सड़कों को थूक कर बदरंग करने वालों को टोकें और शहर को साफ सुथरा रखने में नगर निगम के हर मुहिम में अपना साथ देकर जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं। रायपुर स्मार्ट सिटी के जी एम आशीष मिश्रा, इनर व्हील की प्रेसिडेंट साक्षी जैन, रन ग्रीन के प्रोग्राम हेड इब्राहिम सहित रायपुर स्मार्ट सिटी, नगर निगम, डिकेथेलॉन की टीम के साथ बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए ।

# आजाद हिन्द फौज के कारण भारत को मिली 1947 में आजादीः डॉ. ओमजी उपाध्याय

**श्रेष्ट भारत के निर्माण में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदानः कुलपति डॉ. के.एल. वर्मा**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। राष्ट्रीय आंदोलन में सुभाषचंद्र बोस और आजाद हिंद फौज की भूमिका पर केन्द्रित राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन अवसर पर भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद के निदेशक डॉ. ओमजी उपाध्याय ने कहा कि देश में इतिहास लेखन की आठ धाराएं साथ-साथ चल रही थी, जिसमें सुभाषचंद्र बोस की धारा भी शामिल थी। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में संचालित आजाद हिन्द फौज के भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के सहयोग के कारण ही अंग्रेजों ने 15 अगस्त 1947 को भारत को आजाद करने का निर्णय लेना पड़ा।**

डॉ. ओमजी उपाध्याय ने कहा कि ब्रिटिश फौज के भारतीय सैनिकों पर अंग्रेजों को भरोसा नहीं था कि भारतीय सैनिक अंग्रेजों के निर्देश पर कार्य करेंगे। अंग्रेजों को ऐसी सूचना मिल रही थी कि ब्रिटिश भारतीय सैनिक आईएनए के मार्गदर्शन में कार्य कर सकते है। ऐसी स्थिति में अंग्रेजों की साम्राज्यवादी व्यवस्था ध्वस्त हो सकती है, इसलिए समय पूर्व 15 अगस्त 1947 को भारत को आजाद करने का निर्णय लिया। उन्होंने लुईफिशर के वाक्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि नेताजी देश भक्तों के देशभक्त थे और उनके होते हुए देश का विभाजन नहीं हो सकता। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रविन्द्र भारती विश्वविद्यालय कोलकाता के इतिहास विभाग, विभागाध्यक्ष प्रो. एच. के. पटेल, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. प्रवीण कुमार मिश्र ने भी अपने संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. के.एल. वर्मा ने कहा कि देश भक्ति की भावना को जीवन्त बनाने और नई पीढ़ी को शोध के लिए नवीन दृष्टिकोण देने में यह आयोजन सफल होगा। उन्होंने श्रेष्ट भारत के निर्माण में युवाओं के योगदान को रेखांकित किया। तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी जिसमें कुल 63 शोध पत्रों का वाचन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के कुल 10 रिसोर्स पर्सन ने शोध पत्र का वाचन कर आधार वक्ता के रूप में शोधार्थियों के समक्ष अपने विचार व्यक्त किए।



तृतीय दिवस के प्रथम सत्र के सत्राध्यक्ष डॉ. शंपा चौबे ने कहा कि सुभाषचंद्र बोस ने गुलामी को भारत का अभिशाप बताया और इसे स्वाधीन कराने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया।

रिसोर्स पर्सन डॉ. सुधी मण्डलोई ने नेशनल प्लानिंग कार्य को तैयार करने में सुभाषचंद्र बोस की भूमिका का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सुभाषचंद्र बोस नेशनल प्लानिंग में भारत की एकता और समन्वय तथा आधारभूत ढांचा तैयार करने एवं भारत की बढ़ती जनसंख्या व गरीबी भूखमरी, रोग से लड़ने के लिए मसौदा तैयार करना चाहिए। उन्होंने कुटीर उद्योग व बृहत उद्योग के समन्वित विकास पर जोर दिया। इस सत्र में कुल 08 शोधपत्रों का वाचन शोधार्थियों के द्वारा किया गया। तृतीय दिवस 19 मार्च 2023 की शुरुआत सप्तम सत्र के रूप में हुई, जिसके इसके सत्राध्यक्ष डॉ. शंपा चौबे, रिसोर्स पर्सन डॉ. सुधि मंडलोई और रिपोर्टियर डॉ. शैलेन्द्र सिंह, सहायक रिपोर्टियर संदीप मेश्राम एवं कु. ममता थी। रिसोर्स पर्सन डॉ. सुधी मण्डलोई ने नेशनल प्लानिंग कार्य को तैयार करने में सुभाषचंद्र बोस की भूमिका का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सुभाषचंद्र बोस नेशनल प्लानिंग में भारत की एकता और समन्वय तथा आधारभूत ढांचा तैयार करने एवं भारत की बढ़ती जनसंख्या व गरीबी भूखमरी, रोग से लड़ने के लिए मसौदा तैयार करना चाहिए। उन्होंने कुटीर उद्योग व बृहत उद्योग के समन्वित विकास पर जोर दिया। इस सत्र में कुल 08 शोधपत्रों का वाचन शोधार्थियों के द्वारा किया गया। अष्टम व अंतिम सत्र के सत्राध्यक्ष सत्राध्यक्ष प्रो. रामकुमार बेहार ने गांधीजी का कांग्रेस पर नियंत्रण एवं उनके विचारों को छत्तीसगढ़ में भी चुनौती देने की बात कही। रिसोर्स पर्सन डॉ. पूजा शर्मा एवं रिपोर्टियर डॉ. सरिता दुबे रिसोर्स पर्सन डॉ. पूजा शर्मा ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस का धार्मिक दर्शन एवं धर्मनिरपेक्षता पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रस्तुत की। इस सत्र में कुल 6 शोध पत्रों का वाचन किया गया। शोध पत्र वाचन के कढ़ी में शोधार्थी अनिल कुमार काटने ने आजाद हिंद फौज एवं महिलाओं की भूमिका में कैप्टन लक्ष्मी सहगल के योगदान को रेखांकित किए। पूजा कुमारी ने अपने शोध पत्र वाचन में झांसी रानी रेजीमेण्ट पर आधारित जानकारी प्रस्तुत की। शोधार्थी संदीप कुमार मेश्राम ने सेलुलर जेल में आई.एन.ए. के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रस्तुत की। अतिथियों का छत्तीसगढ़ का राजकीय गमछा और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर रविन्द्र भारतीय विश्वविद्यालय कोलकाता के प्रो. एच. के. पटेल विभागाध्यक्ष प्रो. प्रियंबदा श्रीवास्तव, वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. डी.एन. खूटे ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए।

तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में वरिष्ठ इतिहासकार बी.एल. भदानी, प्रो. एस. एल. निगम, प्रो. के.के. अग्रवाल, प्रो. ए.के. पटनायक, प्रो. रामकुमार बेहार, प्रो. मुकेश कुमार, इतिहास अध्ययनशाला के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. रमेन्द्र नाथ मिश्र, प्रो. आभा रूपेन्द्रपाल सहित वरिष्ठ इतिहासकार, संयुक्त संचालक जनसंपर्क धनंजय राठौर सहित शोधार्थी और बड़ी संख्या में भूतपूर्व और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# किकबॉक्सिंग के ये फायदे कर देंगे आपको भी हैरान, करें अपनी दिनचर्या में शामिल



स्वस्थ शरीर के लिए आपको अपनी दिनचर्या में हेल्दी आदतें विकसित करने की जरूरत होती हैं। इसके लिए लोग लाइफस्टाइल में कई तरह के व्यायाम शामिल करते हैं। लेकिन आज इस कड़ी में हम बात कर रहे हैं किकबॉक्सिंग की जो एरोबिक व्यायामों का ही एक रूप है। इसमें मिक्सड मार्शल आर्ट तकनीक का प्रयोग किया जाता है। इस व्यायाम के लिए आपको किसी विशेष तकनीक की आवश्यकता नहीं होती है और यह शरीर को कई फायदे दिलाने का काम करता हैं। भारत में लोगों के लिए किकबॉक्सिंग कोई नया वर्कआउट नहीं है लेकिन इसके फायदों से अभी भी बहुत से लोग अपरिचित हैं। आज हम आपको इसी से जुड़ी जानकारी देने जा रहे हैं कि किस तरह किकबॉक्सिंग से सेहत बेहतर बनती हैं। आइये जानते हैं इनके बारे में...

### हृदय को लाभ

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार धूम्रपान, मोटापा, उच्च रक्तचाप और गतिहीन जीवनशैली हृदय रोग को बढ़ाने वाले प्रमुख कारकों में से हैं। कार्डियो वर्कआउट जैसे व्यायाम से आप आसानी से वजन और ब्लड-प्रेशर को नियंत्रित कर सकते हैं। कार्डियो वर्कआउट रक्त में खराब कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को कम करने के साथ अच्छे कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को बढ़ाता है। यह दिल की मांसपेशियों के साथ-साथ शरीर के ऑक्सीजन के उपयोग की क्षमता में भी सुधार करता है। इसका मतलब है कि आप अपने रोजमर्रा के कामकाज को अधिक ऊर्जा और थकान महसूस किए बिना भी कर सकते हैं। यह सभी हृदय के लिए काफी लाभकारी होते हैं।

### मजबूत मसल्स

अगर आप हर दिन किक बॉक्सिंग करते हैं तो आपके मसल्स काफी मजबूत होते हैं। किक बॉक्सिंग की शुरुआत में एक्सपर्ट की मदद ले सकते हैं। रोजाना किक बॉक्सिंग आपकी बॉडी को स्ट्रॉन्ग और बेहतर बनाती है। इसके कई तरह के ऐसे भी फायदे मिलते हैं, जो आपको बीमारियों से दूर रखते हैं।

### सुधारें शरीर का पोश्चर

किकबॉक्सिंग का अभ्यास करने से आपके शरीर का कोर और पोश्चर ठीक होता है। शरीर की मांसपेशियों को ठीक मुद्रा में करने के लिए किकबॉक्सिंग का रोजाना अभ्यास बहुत फायदेमंद माना जाता है। क्योंकि इस वर्कआउट के दौरान आपको अपने शरीर का संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता होती है और इसमें मांसपेशियों की अच्छी कसरत भी होती है।

### तनाव दूर करने में फायदेमंद

कार्डियो किकबॉक्सिंग उच्च तीव्रता वाला अभ्यास है, ऐसे में यह आपके मस्तिष्क को एंडोर्फिन नामक न्यूरोट्रांसमीटर रिलीज कराने में मदद करता है। यह इंसान को खुशी का एहसास कराने वाला हार्मोन है। जैसे-जैसे आप वर्कआउट के साथ अभ्यस्त होते जाते हैं, उसी के साथ आपका आत्मविश्वास भी बेहतर होता जाता है और आप स्वयं में अच्छा महसूस करते हैं। इसके अलावा, कार्डियो किकबॉक्सिंग अक्सर समूहों में किया जाने वाला अभ्यास है। समूहों में व्यायाम करने से प्रतिस्पर्धा होती है, जिससे आप और अच्छा करने का प्रयास करते हैं। ये सभी कारक आपको रोजमर्रा के तनाव से दूर करेंगे जिससे आप आराम का अनुभव कर सकेंगे।

### एनर्जी बढ़ाने में मददगार

किकबॉक्सिंग का नियमित रूप से अभ्यास करने से आपके शरीर की एनर्जी भी बूस्ट होती है। शरीर और दिमाग दोनों के लिए किकबॉक्सिंग का अभ्यास उपयोगी माना जाता है। इस एक्सरसाइज के दौरान आपकी सांसे तेज होती हैं और आपके शरीर से विषाक्त पदार्थ दूर होते हैं।

### नींद में सुधार

उच्च तीव्रता वाले व्यायाम करने से आपको अच्छी नींद आती है। कई शोध से पता चला है कि जो लोग नियमित रूप से व्यायाम करते हैं उन्हें अच्छी नींद आती है। हालांकि, आप किस वक्त व्यायाम करते हैं, इसपर भी बहुत कुछ निर्भर करता है। व्यायाम करने से एंडोर्फिन का स्राव और शरीर के तापमान में वृद्धि होती है। इसलिए विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि सोने से पहले व्यायाम नहीं करना चाहिए।

### कैलोरी बर्न करने में सहायक

किकबॉक्सिंग का अभ्यास करने से आपकी ज्यादा से ज्यादा कैलोरी बर्न होती है। किकबॉक्सिंग एक हार्डकोर वर्कआउट है जो एक घंटे में लगभग 800 कैलोरी बर्न कर सकता है। वजन घटाने के लिए किकबॉक्सिंग का अभ्यास बहुत उपयोगी माना जाता है।


### आत्मविश्वास बढ़ाने में उपयोगी

किकबॉक्सिंग का नियमित रूप से अभ्यास करने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। इसका अभ्यास करने से आपके शरीर में एंडोर्फिन तेजी से बढ़ता है जो आपके मूड को ठीक करने का काम करता है। सकारात्मक रहने और कॉन्फिडेंस को बढ़ाने के लिए किकबॉक्सिंग का अभ्यास बहुत फायदेमंद होता है।

## 100 करोड़ क्लब में शामिल हुई तू झूठी मैं मक्कार रणबीर-श्रद्धा की फिल्म ने 11वें दिन की ताबड़तोड़ कमाई

रणबीर कपूर लव रंजन के निर्देशन में तू झूठी मैं मक्कार के जरिये एक बार फिर अपने लोकप्रिय जॉनर में लौटे और उनका यह लौटना उनके लिए और निर्माता-निर्देशक के लिए फायदे का सौदा साबित हुआ। आधुनिक प्रेम को परदे पर किस तरह से पेश करने है यह लव रंजन से ज्यादा कोई नहीं जानता और समझता। अपनी पिछली फिल्मों सोनू के टीटू की स्वीटी और प्यार का पंचनामा के बाद उन्होंने बतौर निर्देशक एक और आधुनिक प्रेम कहानी दी जिसमें उन्होंने युवा पीढ़ी को परिवार का महत्त्व बताया और उनके प्रेम को स्थायित्व प्रदान करने का उम्दा तरीका। होली 8 मार्च को प्रदर्शित हुई इस फिल्म ने सिनेमाघरों में अपने प्रदर्शन के 11 दिन पूरे कर लिए हैं। इन 11 दिनों में तू झूठी मैं मक्कार ने बॉक्स ऑफिस पर नेट 103.21 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त कर ली है। यह इस वर्ष प्रदर्शित हुई फिल्मों में पठान के बाद दूसरी ऐसी हिन्दी फिल्म है जिसने 100 करोड़ के कारोबार को करने में सफलता प्राप्त की है।

रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की फिल्म तू झूठी और मैं मक्कार बॉक्स ऑफिस पर आते ही छा गई। होली के मौके पर रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धुंआ उड़ा रखा है। दर्शकों को श्रद्धा और रणबीर की यह नई नवेली जोड़ी काफी पसंद आ रही है। इसके अलावा, फिल्म में हर कलाकार ने गजब की एक्टिंग भी की, जिस वजह से फिल्म में चार चांद लग गए हैं और इन सब चीजों का फायदा फिल्म की कमाई में हो रहा है। यह फिल्म रोजाना अच्छी खासी कमाई कर रही है।इसी बीच, शनिवार यानी 11वें दिन का शुरुआती कलेक्शन भी सामने आ गया है, जिसमें यह फिल्म 100 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई है। शुक्रवार यानी 10वें दिन इस फिल्म की कमाई 3.7 करोड़ रुपये की हुई थी, जिसे ठीक-ठाक माना जा रहा था लेकिन शनिवार को फिल्म की कमाई डबल हो गई। यानी फिल्म को वीकेंड का फायदा मिलना शुरू हो गया है। शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, इस फिल्म ने 11वें दिन 7 करोड़ का शानदार कलेक्शन किया है, जिसके साथ ही इस फिल्म की कुल कमाई लगभग 103.21 रुपये हो गई है।



## असल जिंदगी में बेहद बोल्ड है सिमरत कौर, बनेगी सनी देओल की ऑनस्क्रीन बहू

बॉलीवुड एक्टर सनी देओल और अमीषा पटेल एक बार फिर गदर 2 के जरिए सिनेमाघरों में धमाल मचाते नजर आने वाले है। अनिल शर्मा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म की शूटिंग अभी चल रही और यह इसी साल 11 अगस्त को रिलीज होगी। गदर 2 का प्लॉट तारा के बेटे चरणजीत की लवस्टोरी पर आधारित होगी। गदर 2 में कई नए किरदार भी जुड़े हैं, जिनमें से एक हैं सिमरत कौर। इस फिल्म में एक्ट्रेस सिमरत कौर तारा सिंह की बहू का किरदार निभाती नजर आएंगी। बता दें कि फिल्म गदर 2 में सिमरत कौर जीते यानी उत्कर्ष शर्मा की पत्नी का किरदार निभाएंगी।

आपको बता दे, सिमरत कौर का जन्म 16 जुलाई 1997 में मुंबई में हुआ था। वह एक पंजाबी परिवार से संबंधी रखती हैं। सिमरत कौर कई पंजाबी म्यूजिक एल्बम्स में नजर आ चुकी हैं। सिमरत बुर्ज खलीफा और लारा लप्पा जैसे पंजाबी गानों में नजर आ चुकी हैं।

बता दें कि सिमरत कौर ने साल 2017 में तेलुगु फिल्म प्रेमाथो मी से एक्टिंग की दुनिया में अपना पहला कदम रखा था। एक्ट्रेस सिमरत कौर नागार्जुन की फिल्म बंगराजू में कैमियो करती हुई नजर आई थीं। इसके अलावा सिमरत साउथ की कई फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। बता दें कि सिमरत कौर मीका सिंह के गाने तेरे बिन जिंदगी में भी नजर आ चुकी हैं। यह रोमांटिक गाना यूट्यूब पर काफी फेमस हुआ था। सिमरत कौर असल जिंदगी में बेहद ही बोल्ड हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। इंस्टा पर सिमरत को 789 के से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। सिमरत की हर एक तस्वीर पर हजारों की संख्या में लाइक्स आते हैं। सिमरत के इन फोटोज पर लोग खूब कमेंट कर रहे हैं।


बता दें कि एक्ट्रेस सिमरत कौर फिल्म गदर 2 में लीड किरदार निभाती नजर आएंगी। रिपोर्ट्स की मानें तो इस बार सनी देओल अपने बेटे के प्यार को लेने के लिए पाकिस्तान जाएंगे।

## रेड कलर के आउटफिट में परी सी खूबसूरत लगीं उर्वशी रौतेला

बॉलीवुड की हसीन एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला अपने ग्लैमरस अंदाज से सोशल मीडिया का पारा हाई किए रहती हैं। उनकी किलर तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। वहीं, लेटेस्ट रेड कलर के आउटफिट में एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने बेहद ही सिजलिंग पोज दिए हैं। उर्वशी रौतेला रेड कलर के थाई हाई स्लिट आउटफिट में कहर बरपाती नजर आ रही हैं। इस आउटफिट में एक्ट्रेस अपनी टोंड लेग्स फ्लॉन्ट कर रही है। डीपनेक आउटफिट और लाइट मेकअप में एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला गजब की बला लग रही हैं। उनकी तस्वीरें देखकर फैंस आहें भरने को मजबूर हैं। ओपन हेयर स्टाइल में एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला बेहद ही सिजलिंग पोज देती नजर आ रही हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। उर्वशी रौतेला अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस से भरी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। फैंस उनकी खूबसूरती के दीवाने हैं। एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला की खूबसूरती पर फैंस बेशुमार प्यार लुटाते हैं। साथ ही उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कमेंट्स की बौछार कर रहे हैं। उर्वशी रौतेला ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत एक्शन-रोमांस बेस्ड फिल्म सिंह साहब द ग्रेट से की। बॉलीवुड रैपर हनी सिंह के वीडियो एल्बम लवडोज में उर्वशी काफी कमाल नजर आई थीं। उर्वशी रौतेला फिल्म मस्ती के सीक्वल, ग्रेट ग्रैंड मस्ती, सनम रे और पागलपंती में भी नजर आई हैं। उर्वशी रौतेला का जन्म नैनीताल उत्तराखंड में हुआ। उन्होंने अपने स्कूल के दिनों से ही मॉडलिंग करना शुरू कर दिया था।



## 'हंटर-टूटेगा नहीं तोड़ेगा' में मेरे किरदार से खुद को जोड़ पाएगी हर लड़की: ईशा देओल



बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा देओल ने वेब सीरीज 'हंटर-टूटेगा नहीं तोड़ेगा' में स्वतंत्र पत्रकार की भूमिका निभाने के बारे में बात करते हुए कहा कि हर लड़की उनसे खुद को जोड़ पाएगी, उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी भूमिका के लिए स्टंट करने में मजा आया। उन्होंने कहा: मेरा किरदार दिव्या ऐसा है जिसे हर लड़की प्यार करेगी। वह आत्मविश्वासी, स्मार्ट, मजाकिया है और उसके पास कुछ जबरदस्त एक्शन मूव्स हैं, मेरा मतलब है कि मेरे द्वारा शूट किए गए एक्शन सीक्वेंस ने मुझे एड्रेनालाईन रश दिया और यह एक शानदार संतोषजनक अनुभव था। ईशा ने अपने करियर की शुरुआत 2002 में आफताब शिवदासानी के साथ फिल्म 'कोई मेरे दिल से पूछे' से की थी। बाद में, उन्होंने 'कुछ तो है', 'चुरा लिया है तुमने', 'युवा' में भी अभिनय किया और मल्टीस्टारर फिल्म 'धूम' का हिस्सा रहीं, जिसके बाद 'दस', 'नो एंट्री' जैसी अन्य फिल्मों में काम किया। मनोवैज्ञानिक अपराध थ्रिलर सीरीज 'रुद्र: द एज ऑफ डार्कनेस' का हिस्सा बनने के बाद, अभिनेत्री बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी अभिनीत आगामी वेब सीरीज 'हंटर' में दिखाई देंगी। ईशा ने वेब सीरीज से जुड़ने की खुशी साझा करते हुए कहा, मैं 'हंटर-टूटेगा नहीं तोड़ेगा' के लिए बहुत उत्साहित हूं, यह एक्शन से भरपूर रोलर-कोस्टर राइड है, जो इमोशन और ड्रामा से भरपूर है..यह काफी मैसी है और किरदार बहुत पेचीदा हैं। सुनील शेट्टी, ईशा देओल, राहुल देव और बरखा बिष्ट अभिनीत 'हंटर टूटेगा नहीं, तोड़ेगा' का प्रीमियर 22 मार्च को अमेजन मिनी टीवी पर होगा।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### मुख्यमंत्री ने पूर्व सांसद स्वर्गीय सोहन पोटाई के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**कांकेर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज कांकेर विकासखण्ड के ग्राम बाबूदबेना पहुंचकर कांकेर लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद स्वर्गीय सोहन पोटाई के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने उनके साथ बिताए पलों को याद करते हुए कहा कि सोहन पोटाई आदिवासियों के बड़े नेता थे, वे आदिवासियों के अधिकार के लिए पूरे जीवनभर लड़ते रहे तथा चार बार लोकसभा में कांकेर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। मुख्यमंत्री ने सांसद श्री पोटाई के निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शोकाकुल परिवार से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया तथा सांत्वना दी। इस अवसर पर आबकारी एवं उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा, बस्तर लोक सभा क्षेत्र के सांसद दीपक बैज, संसदीय सचिव श्री शिशुपाल शोरी, संसदीय सलाहकार राजेश तिवारी, गौसेवा आयोग के सदस्य नरेन्द्र यादव, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य गिरवर साहू, बस्तर विकास प्राधिकरण के सदस्य श्री बिरेश ठाकुर, अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य नितिन पोटाई, जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री हेमन्त ध्रुव, योजना आयोग के सदस्य विजय ठाकुर, जनपद अध्यक्ष अंतागढ़ बद्रीनाथ गावड़े, जनपद उपाध्यक्ष भानुप्रतापपुर सुनाराम तेता, राधवेन्द्र राजपुत, भुनेश्वर नागराज, जनकनंदन कश्यप, विश्रामसिंह गावड़े, आईजी बस्तर सुन्दरराज पी, कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला, पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल, समाज प्रमुख सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद थे।

### चैत्र नवरात्र में श्रीराम दरबार का होगा आयोजन, निकाली जाएगी शोभायात्रा

**जगदलपुर।** संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में मां दंतेश्वरी मंदिर के पास राजा रूद्रप्रतापदेव टाउन क्लब मैदान में सनातन धर्म महासभा के द्वारा पहली बार श्रीराम दरबार पंडाल बनवाया जा रहा है, जिसमें चैत्र नवरात्र में श्रीराम दरबार का आयोजन किया जा रहा है। चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित कर नवरात्र के पूरे 09 दिनों तक विधि-विधान से पूजा अर्चना की जाएगी। नवरात्र के प्रतिदिन शाम महाआरती का आयोजन किया जाएगा। श्रीरामनवमी के दिन भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस आयोजन में 01 लाख से ज्यादा लोगों के शामिल होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इस पंडाल में चैत्र नवरात्र के पहले दिन भगवान हर दिन विशेष पूजा अर्चना होगी। राम दरबार में क्षेत्र के कुल 11 पंडित होंगे जो पूरे विधि-विधान से पूजा करेंगे। साथ ही पूरे 09 दिनों तक भोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा। सनातन धर्म महासभ के सदस्य अनिल लुंकड़ ने बताया कि अब तक श्रीरामनवमी के अवसर पर विशाल शोभा यात्रा निकाली जाती थी। लेकिन, अब पूरे 09 दिनों तक प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जाएगी। उन्होंने बताया कि पूरे छत्तीसगढ़ में जगदलपुर पहला ऐसा शहर है जहां राम दरबार का आयोजन किया जा रहा है। इस काम में शहर के युवा समेत समाज के हर वर्गों का सहयोग मिला है। इस दौरान प्रतिदिन अलग-अलग तरह के कार्यक्रम का आयेजन भी किया जायेगा। साथ ही समिति के सदस्य लोगों को तिलक लगाकर तिलकोत्सव मनाएंगे, 30 मार्च को विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। लेकिन, इससे ठीक एक दिन पहले यानी 29 मार्च को शहर की महिलाएं भगवान श्रीराम की महाआरती करेंगी। और लोगों से श्रीरामनवमी को भव्य रूप से मनाने का आह्वान करेंगी।

# मुख्यमंत्री ने जिले को दी 143 करोड़ 92 लाख रूपये के 95 विभिन्न विकास कार्यों की सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज कांकेर जिले के नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम करप में आयोजित कोसरिया मरार (पटेल) समाज के महासम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह के मौके पर कांकेर जिले के विकास के लिए 143 करोड़ 92 लाख रूपये के 95 विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री द्वारा 110 करोड़ 15 लाख रूपये के 76 विकास कार्यों का भूमिपूजन और 33 करोड़ 77 लाख रूपये के 19 कार्यों का लोकार्पण किया गया।**



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा ग्राम करप में आयोजित कार्यक्रम में 110 करोड़ 15 लाख रूपये के 76 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया, जिसमें नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत साल्हेभाट-सारण्डा मार्ग के 1/4 किलोमीटर पर कंक नाला में उच्च स्तरीय सेतुमय पहुंच मार्ग निर्माण कार्य लागत 05 करोड़ 89 लाख रूपये, मावलीपारा-मांडाभर्री-बांगाबारी मार्ग के 4/2 किलोमीटर पर कुकरेल नदी में उच्च स्तरीय पुल निर्माण लागत 07 करोड़ 19 लाख रूपये, ग्राम कुम्हानखार-झुलनातेन्दु मार्ग पर 1/2 एवं 2/4 किलोमीटर में कुकरेल नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य लागत 05 करोड़ 96 लाख रूपये, लेण्डारा-ठेमा मार्ग पर 1/6 किलोमीटर पर जामपानी नाला एवं 2/10 किलोमीटर पर बंजारा नाला में उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य लागत 05 करोड़ 38 लाख रूपये, बांसपतर से तिरियापानी मार्ग के 1/10, 4/6, 6/6, 9/8 एवं 8/10 किलोमीटर पर टूरी नाला में उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य लागत 21 करोड़ 03 लाख रूपये आदि कार्य शामिल हैं।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 33 करोड़ 77 लाख रूपये के 19 कार्यों का लोकार्पण भी किया गया, जिनमें जिला चिकित्सालय कांकेर में 11 करोड़ 54 लाख रूपये की लागत से स्थापित एम.आर.आई मशीन, कुम्हानखार से झुलनातेन्दु मार्ग में 05 करोड़ 20 लाख 82 हजार रूपये से निर्मित 7.40 किलोमीटर लंबाई के सड़क, जामगांव से डब्बीपानी मार्ग में 77 लाख रूपये से बनाये गये 2.41 किलोमीटर सड़क, दबेना-डुडूमबाहरा-बादल मार्ग में 02 करोड़ 15 लाख रूपये से निर्मित 9.08 किलोमीटर सड़क, कन्हनपुरी से अमोड़ा मार्ग में 04 करोड़ 17 लाख रूपये से बनाये गये 08 किलोमीटर सड़क, अमोड़ा से झलियामारी मार्ग में 03 करोड़ 70 लाख रूपये से निर्मित 7.50 किलोमीटर लंबाई की सड़क, सारवण्डी से मावलीपारा मार्ग में 05 करोड़ 23 लाख रूपये से बनाये गये 09 किलोमीटर लंबाई सड़क तथा कोदागांव गौठान में 07 लाख 06 हजार रूपये से बनाये गये पशु आश्रय स्थल, शीतला मंदिर दसपुर में 05 लाख 50 हजार रूपये से देवगुड़ी निर्माण, फेसिंग एवं हैण्डपंप खनन कार्य तथा कोकानपुर मावली माता मंदिर में 05 लाख 50 हजार रूपये से देवगुड़ी निर्माण, फेसिंग एवं हैण्डपंप खनन सहित अनेक कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर आबकारी एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा, संसदीय सचिव एवं कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक शिशुपाल शोरी, अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनूप नाग, भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती सावित्री मनोज मण्डावी, संसदीय सलाहकार राजेश तिवारी, पूर्व विधायक एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष शंकर धुरवा, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य नितिन पोटाई, गौसेवा आयोग के सदस्य नरेन्द्र यादव, पर्यटन मंडल के सदस्य नरेश ठाकुर, बस्तर विकास प्राधिकरण के सदस्य बीरेश ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव सहित अनेक जनप्रतिनिधि तथा मरार समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## अभिव्यक्ति महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** अभिव्यक्ति महिला क्रिकेट प्रतियोगिता 2023 का शुभारंभ दिनांक 17 मार्च 2023 को बीजपुर स्टेडियम मे हुआ। प्रतियोगिता में कुल 12 टीमो ने हिस्सा लिया । दिनांक 19-03-2023 को प्रतियोगिता का सेमी फायनल एवं फायनल मैच खेला गया। पहले सेमी फायनल बीएसए और पंचशील आश्रम के बीच खेला गया जिसमें बीएसए बीजापुर पहले बल्लेबाजी करते हुये 80 रन बनाये जवाब में पंचशील आश्रम 38 रन ही बना सकी इस प्रकार बीएसए बीजापुर 42 रन से विजयी रही, दूसरा सेमी फायनल मैच डीआरजी और नगरपालिका के बीच खेला गया , पहले बल्लेबाजी करते हुये डीआरजी की टीम ने 59 रन बनाये जवाब में नगरपालिका टीम 32 रन पर ऑल आउट हो गई। फायनल मैच बीएसए बीजापुर और डीआरजी के बीच खेला गया जिसमें डीआरजी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुये 18 रन ही बना सकी जवाब में बीएसए बीजापुर की टीम बिना कोई विकेट खोये 19 रन बनाये और 10 विकेट से मैच जीत लिया । फायनल मैच में कुमारी अरूणा पूनेम को प्लेयर ऑफद मैच का पुरूस्कार मिला । प्रतियोगिता में विजेता टीम को 7001 एवं ट्राफी, उप विजेता टीम को 5001और ट्राफी प्रदान किया गया । तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से पंचशील आश्रम और नगरपालिका को ट्राफी एवं 1500-1500 राशि प्रदान किया गया।

प्रतियोगिता के समापन समारोह में बस्तर एवं आदिवासी विकास प्राधिकरण की सदस्या एवं जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, पुलिस अधीक्षक बीजापुर आंजनेय वार्ष्णेय, वन मण्डलाअधिकारी अशोक पटेल, अति0पुलिस अधीक्षक ऑप्स गौरव राय, अति पुलिस अधीक्षक बीजापुर चन्द्रकांत गर्वना, उप पुलिस अधीक्षक विनित साहू, महिला एवं बाल विकास विभाग शीला भारद्वाज, राहुल कौशिक एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का आयोजन पुलिस विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से संयुक्त रूप से किया गया।

## दूसरों पर ऊंगली उठाने से पहले अपने गिरेबान मे झांके भाजपाई -नेताम

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कोंडागांव।** पूर्व मंत्री एव भाजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य लता उसेंडी एवं जिला पंचायत सदस्य बालसिंह बघेल द्वारा जारी बयान पे प्रतिक्रिया देते हुए पीसीसी सदस्य सह कोंडागांव विधायक प्रतिनिधि बुधराम नेताम ने कहा कि उलजुलूल बयानबाजी के माध्यम से भाजपाई साथी अपने आपको सुर्खियों मे बनाये रखने का बखूबी प्रयास कर रहे हैं परन्तु हमारी सलाह माने और दूसरों पर ऊँगली उठाने से पहले खुद के गिरेबान मे झांके पता चल जायेगा कौन कितना पानी मे हैं।

छत्तीसगढ़ मे 15 साल सरकार मे रहने के बावजूद छत्तीसगढ़ कि जनता ने जिन्हें नकारा और 15 सीट मे सीमित कर दिया उसके बावजूद रस्सी जल गई पर ऐठन नहीं गयी वाली कहावत को शब्दसह चरितार्थ कर रहे हैं विपक्ष कि भूमिका लोकतंत्र मे प्रमुख होती है।

जनता की आवाज को सत्तापक्ष की नाकामियों को उजागर करने की परन्तु कुम्भकरणी नींद से भाजपाई साथियों को फुरसत कहा इन्हे केवल अपनी राजनीतीक रोटी सेंकनी है और जनता से इन्हें कोई सरोकार नहीं है।आज कोंडागांव विधायक मोहन मरकाम के पास प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की बड़ी जिम्मेदारी होने के बावजूद जिला प्रशासन के द्वारा किये भ्रष्टाचार को विधानसभा मे उठाकर एक जनप्रिय नेता होने का परिचय दिया है पूर्व मंत्री बताए अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कोंडागांव में हुए भ्रस्टाचार के कितने सवाल विधानसभा मे उठाये हैं वे जरा याद करें भाजपा की सरकार के दौरान कोंडागांव को अंतर्राज्यीय जुआ अड्डा बनाये का दर्जा प्राप्त था बहन बेटियों के आबरू से चलती बस मे खिलवाड़ हुए थे क्या उन्होंने कभी इसे संज्ञान में लिया था जिला निर्माण समिति के कार्य पे लगातार भरष्टाचार के आरोप लग रहे थे क्या उन्होंने कभी इसपे डॉ रमन सिंग की भाजपा सरकार से कोई सवाल किया था कोई आवाज उठाई थी ?

मोहन मरकाम ने पिछले कार्यकाल मे जहा उत्कृष्ट विधायक का मुकाम हासिल किया वही विधायक बनने के बाद अपने विधानसभा क्षेत्र सम्पूर्ण विकास के लिए लगातार अपनी आवाज सड़क से लेकर सदन तक मुखर होकर उठाते रहे और जिसके बाद क्षेत्र की जनता ने उन्हें दुबारा मौका देते हुए और अपना आशीर्वाद देकर पुन: कोंडागांव विधानसभा का प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया।

## ओरछा में प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों के बीच पहुंचे कलेक्टर एवं एसपी, ग्रामीणों को दी समझाईस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नारायणपुर। .कलेक्टर अजीत वसन्त एवं पुलिस अधीक्षकपुश्कर शर्मा जिले के विकासखण्ड ओरछा पहुंचे। उन्होने वहां ओरछा में प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों की बीच पहुंचकर उनसे बातचीत कर उन्हे समझाईस दी। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री देवेश कुमार ध्रुव और एसडीएम ओरछा श्री प्रदीप वैद्य भी उपस्थित थे।**



कलेक्टर श्री अजीत वसन्त एवं पुलिस अधीक्षक श्री पुश्कर शर्मा ने प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों को समझाईस देते हुए कहा कि इस दूरस्थ आदिवासी अंचल में सड़कों के निर्माण अत्यंत आवश्यक है। इससे क्षेत्र का सर्वांगीण विकास जुड़ा हुआ है। सड़कों के निर्माण से आवागमन सुलभ एवं सुगम हो जाएगा। विकास के रास्ते खुल जाएंगे और ग्रामीणों को रोजगार के साधन भी मुहैया होंगे। उन्होने कहा कि सड़कों के बनने से स्कूल अस्पताल आंगनबाड़ी भी अधिक संख्या में बनेंगे। जहां शिक्षा की सुविधा मिल पायेंगी, बच्चों के पोशण का स्तर बढ़ेगा और स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेंगी।

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणो को समझाईस देते हुए कलेक्टर श्री वसन्त ने कहा कि मोबाईल की सुविधा होने से अंदरूनी क्षेत्रो में स्वास्थ्य सहित अन्य सुविधाओं के लिए कनेक्टिवीटी बढ़ेगी और विपरित परिस्थितियों में अति आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से कहा कि ओरछा के विकास के लिए बड़ी संख्या में स्कूल भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं चिकित्सा केन्द्र भवन निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। इनके बन जाने से ग्रामीणों के बच्चों और आमजन को शिक्षा सहित स्वास्थ्य सुविधाएं मिल पाएगी। इसके लिए जरूरी है कि इसका शीघ्र निर्माण हो और इस निर्माण कार्य में सभी ग्रामीणो का आवश्यक सहयोग अपेक्षित है। उन्होने इन स्वीकृत भवनों एवं सड़कों के निर्माण में ग्रामीणों से सहयोग की अपील की। इस दौरान ग्रामीणों ने विभिन्न प्रकार की मांग रखी। जिसमें जिला स्तर पर स्वीकृत होने वाले मांग को स्वीकृत करने और शासन स्तर पर स्वीकृत होने वाले मांगों को शासन को भेजने का निर्णय लिया गया। राज्य शासन द्वारा ग्राम सुराज के सपने को साकार करने की दिशा में प्रयास किये जा रहे है और इसके लिए गौठानों में मल्टीएक्टिविटीज केन्द्रों की स्थापना भी की जा रही है। इन केन्द्रों के माध्यम से ग्रामीणों की विशेश तौर पर महिला स्व सहायता समूहों को रोजगार मूलक गतिविधियों से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। जिले में इसके लिए रूलर इंडस्ट्रीयल पार्क (रीपा) की स्थापना की जा रही है और आगामी 25 मार्च को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा इसका वर्चुवल शुभारंभ करेंगे। इसके लिए आज कलेक्टर श्री अजीत वसन्त ने जिले के ओरछा में स्थापित रूलर इंडस्ट्रीयल पार्क के निर्माण कार्य का अवलोकन किया।

## जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अमृत सरोवर के अंतर्गत बन रहे तालाबों का किया निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नारायणपुर।** जिला पंचायत नारायणपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव ने आज जिले में ग्राम पंचायत बिंजली, पालकी, ब्रेहबेडा, कोंगेरा, बावड़ी एवं हलामी मुंज मेटा में दौरा कर अमृतसर योजना के तहत स्वीकृत तालाबों का निर्माण एवं जीर्णोद्धार के कार्य का निरीक्षण किया।



उन्होंने अमृत सरोवर निर्माण कार्य में अधिक से अधिक संख्या में लेबर सृजित करने के लिए संबंधित तकनीकी सहायक सचिव एवं रोजगार सहायक को निर्देशित किया है साथी ही भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत में चल रहे निर्माण कार्यों जैसे देव गुड़ी घोटूल एवं आंगनबाड़ी इत्यादि कार्यों का निरिक्षण किया एवं अपूर्ण कार्यों को शीघ्र ही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि जिले में जिन 78 तालाबों का निर्माण एवं जीर्णोद्धार किया जा रहा है उसमें विकासखंड नारायणपुर के 12 नए तालाब एवं 46पुराने तालाबों का निर्माण किया जा रहा है वही ओरछा विकासखंड में 15 नवीन तालाब एवं वही 5 तालाबों का जीर्णोद्धार करा कर प्राकृतिक जल का संचय किया जायेगा उन्होंने बताया कि इसके लिए व्यापक कार्य योजना के तहत तेजी से कार्य चल रहा है इसके तहत होने वाली इस योजना कार्यों का मूल उदेश्य देश हर जिले में हर जिले में कम से कम 75 अमृतसर तालाबों का निर्माण में विकास होना है प्रत्येक अमृतसर में कम से कम 1 एकड़ तालाब का क्षेत्रफल होगा और तालाब के किनारे बरगद, निम, आम एवं पीपल के वृक्षारोपण किया जायेगा नारायणपुर जिले में 78 तालाबों का निर्माण एवं जीर्णोद्धार का कार्य मनरेगा योजना के तहत 14 करोड़ 24 लाख 91हज़ार की राशि से पूरा किया जायेगा और इसे अभियान के रूप मे चलाकर 31मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है ग्राम पंचायत भ्रमण के दौरान साथ मे कार्यक्रम अधिकारी श्री परमेश्वर वर्मा, एवं सीएफ्मी जिआईस विशेषज्ञ महेंद्र बनकर एवं तकनिकी सहायक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थिति थे।

## चिराग परियोजना अंतर्गत समन्वित कृषि प्रणाली पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी चिराग परियोजना अंतर्गत समन्वित कृषि प्रणाली पर कृषि एवं सम्बद्ध विभाग के मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों के क्षमता विकास हेतु 15 से 17 मार्च तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रत्ना नशीने, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र नारायणपुर उपस्थित रहीं एवं अध्यक्षता वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ दिब्येंदु दास ने की। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र नारायणपुर, कोडागांव एवं कृषि महाविद्यालय नारायणपुर के विषय विशेषज्ञों द्वारा बस्तर संभाग के परिपेक्ष्य में समन्वित कृषि प्रणाली के विभिन्न आयामों जैसे मृदा स्वास्थ्य एवं पोषक प्रबंधन, उद्यानिकी फसल एवं बाड़ी प्रबंध, कृषि प्रणाली, फसल प्रणाली, जलवायु प्रतिरोध कृषि, मृदा एवं जल संरक्षण, लाख पालन, रेशम कीट पालन, मशरूम उत्पादन, मछली पालन एवं प्रबंधन, पशुधन विकास व चारा उत्पादन एवं प्रबन्धन मुर्गीपालन एवं प्रबंधन, कम्युनिकेशन स्किल इत्यादि विषयों पर पॉवर पॉइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रशिक्षणार्थीयों को दी गई। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन सुश्री आँचल नाग एसआरएफ चिराग परियोजना द्वारा सफलता पूर्वक किया गया। समापन कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षु एवं प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया साथ ही प्रशिक्षुओं से प्रशिक्षण पश्चात्

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर




### बीआईटी के इंजीनियरिंग छात्र ने की खुदकुशी, सिंधिया नगर में किराए के मकान में रहता था छात्र, जांच में जुटी पुलिस

**भिलाई।** भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दुर्ग में पढ़ रहे बीटेक के छात्र ने रविवार को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। नारायणपुर जिले का रहने वाला छात्र दुर्ग में रहकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था। चौथे सेमेस्टर पढ़ाई कर रहा था इस बीच छात्र ने आत्मघती कदम उठा लिया। छात्र की पहचान रोहित देवांगन (21) के रूप में हुई है। छात्र सिंधिया नगर सड़क नंबर 3 निवासी उबेद अहमद खान के यहां किराए से रहता था। घटना की सूचना के बाद मोहन नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार मोहन नगर पुलिस के पास रविवार दोपहर बाद सूचना मिली कि सिंधिया नगर में किराए के मकान में रहने वाले इंजीनियरिंग छात्र रोहित देवांगन ने खुदकुशी कर ली है। इसी मकान में रहने वाले दूसरे छात्र ने सबसे पहले रोहित को फंदे से लटकता देखा। पुलिस जब पहुंची तो देखा कि छात्र ने दरवाजा अंदर से बंद कर फांसी लगा लिया। पुलिस ने दरवाजा खुलवाया और शव का पंचानाम कर पीएम लिए रवाना किया गया। पुलिस ने छात्र के परिजनों को सूचना दी। फिलहाल आत्महत्या का कारण अज्ञात है और पुलिस ने मामले की जांच कर रही है।

### आबकारी विभाग की कार्रवाई: महुआ शराब समेत 3 हजार 400 किलोग्राम लाहन जब्त

**बलौदाबाजार (ए)।** कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर आबकारी विभाग अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार कार्रवाई कर रही है। आबकारी विभाग की टीम ने रविवार को गस्त के दौरान सर्कल कसडोल क्षेत्र अवैध मदिरा के बड़ी मात्रा में निर्माण एवं आस पास के गावों में विक्रय की सूचना मिली। इसके बाद लाभोराम साहू पिता शंकरलाल साहू (40 वर्ष) ग्राम चांदन के मकान की तलाशी ली। इस दौरान महुआ निर्माण के लिए चढ़ी भट्ठी के साथ 34 बड़ी जरिकेनो में भरा कुल 3400 किलोग्राम महुआ लाहन एवं कुल 150 ली. अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया। महुआ लाहन का सैम्पल लेकर मौके पर नष्ट किया गया तथा महुआ शराब जब्त की गई। आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम का केस दर्ज कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। इसी तरह 17 मार्च को गश्त के दौरान सर्कल पलारी क्षेत्र में सूचना मिली कि रवि डहरिया पिता बृजदास द्वारा छेरकापुर से अमेरा की तरफ भारी मात्रा में अवैध मदिरा का परिवहन किया जा रहा है।

# महादेव बुक में हार गया था लाखों रुपए, यू-ट्यूब पर सीखी चेन स्नेचिंग, दोस्तों के साथ करने लगा कांड

## दुर्ग पुलिस की गिरफ्त में आया चेन स्नेचर्स गैंग, एक नाबालिग सहित पांच आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस के तीन थाना क्षेत्रों में दहशत फैलाने वाले शातिर चेन स्नेचरों के गैंग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नेवई, वैशाली नगर व भिलाई नगर थाना क्षेत्रों में इस गिरोह के सदस्यों ने पैदल चल रही महिलाओं को निशाना बनाया। पुलिस ने इस मामले में एक नाबालिग सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चेन स्नेचिंग को लेकर मास्टर माइंड का खुलासा कम हैरान कर देने वाला नही है। दरअसल पूरे गैंग का हेड महादेव सट्टा में अपने लाखों रुपए हार चुका था और उस पर कर्ज भी चढ़ गया। इसके बाद उसने यू-ट्यूब से चेन-स्नेचिंग का तरीका सीखा और अलग अलग थाना क्षेत्रों में अलग अलग साथियों के साथ घटना को अंजाम देता था।

भिलाई नगर, वैशाली नगर, नेवई की संयुक्त जिले में लगातार एक के बाद एक हो रही चैन स्नैचिंग की घटनाओं को देखते हुए विशेष टीम को इसकी निगरानी सौंपी गई। टीम द्वारा संदेहियों पर निगाह रखी जा रही थी, आदतन अपराधियों व जेल से रिहा हुए अपराधियों से पूछताछ कर पतासाजी का प्रयास किया जा रहा था। सीसी टीवी फुटेज में एक संदेही की पहचान हुई। पुलिस ने संदेह के आधार पर राजा उर्फ हरपाल सिंह को हिरासत में लिया।

पूछताछ में पहले तो हरपाल ने गुमराह करने का प्रयास किया लेकिन बाद में उसने सारा सच उगल दिया। आरोपी हरपाल ने बताया कि महादेव बैटिंग ऐप में 4.50 लाख रूपए हार गया था। कर्ज चढ़ गया और उसे चुकाने के लिए रुपए की आवश्यकता थी। यू-ट्यूब से चेन स्नेचिंग करने का



तरीका मिला। आरोपी नग बताया कि 3 माह पूर्व 25 दिसंबर 2022 में शांति नगर सड़क 6 में अपनी एक्टिवा गाड़ी से अपने साथी छवि कांत उर्फ बनिया के साथ मिलकर टहल रही महिला के गले से सोने की चैन लूटकर भागा।

इसी प्रकार 2 माह पूर्व 13 जनवरी 2023 को मरोदा सेक्टर के पास अपने साथी कुशाल कुमार के साथ मिलकर मोटर सायकल हीरो होण्डा एनएक्सजी में ही घूमते हुये पैदल जा रही एक महिला के गले से सोने की चैन को लूटा। 24 जनवरी 2023 को आशीष नगर पश्चिम रिसाली के पास अपने साथी लिंगेश्वर देवांगन उर्फ बाऊ के साथ मिलकर मोटर सायकल हीरो होण्डा एनएक्सजी में ही घूमते हुये पैदल जा रही एक महिला के गले से सोने की चैन को लूटा था। 31 जनवरी 2023 को इस्पात नगर रिसाली के पास हरपाल सिंह ने अपनी बाइक से घूमते हुये पैदल जा रही एक महिला के गले से सोने की चैन को लूटा।

आरोपी हरपाल ने बताया कि 8 फरवरी 2023 को सेक्टर 7 सड़क 30 के पास अपनी बाइस से जाते हुए पैदल जा रही एक महिला के गले से सोने की चैन को लूटा। इसके बाद 11 फरवरी को सेक्टर 9 सड़क 27-28 के पास अपने नाबालिग साथी के साथ मिलकर पैदल जा रही एक महिला के गले से सोने की चैन को लूटा। 23 फरवरी को इस्पात नगर रिसाली में अपने साथी मनमीत सिंह उर्फ सोनू के साथ मिलकर पैदल जा रही एक महिला के गले सोने की चैन को लूटा।

आरोपी के कुबूलनामे के बाद उसकी निशानदेही पर उनके कब्जे से पृथक-पृथक 07 नग सोने की चैन घटना में प्रयुक्त 01 नग मोटर सायकल हीरो होण्डा एनएक्सजी तथा 01 एक्टिवा स्कूटर बरामद कर जब्त किया गया। पुलिस से हरपाल सहित उसके साथी मनमीत सिंह उर्फ सोनू, लिगेश्वर देवांगन उर्फ बाऊ व कुशाल कुमार दास सहित नाबालिग को गिरफ्तार किया है।

इस पूरी कार्रवाई में नेवई से एसआई धनीराम नारंगे, एएसआई गंगाराम रावत, प्रधान आरक्षक सूरज पाण्डेय, भिलाई नगर से एएसआई भोजराम साहू, प्रधान आरक्षक प्रेम सिंह, थाना वैशाली नगर से एएसआई सुरेश कुमार पाण्डेय और एसीसीयू से एएसआई पूर्ण बहादूर, चन्द्रशेखर सोनी, प्रधान आरक्षक चंद्रशेखर बंजीर, आरक्षक संतोष गुप्ता, शहबाज खान, अनुप शर्मा, पन्ने लाल, उपेन्द्र यादव, जुगनू सिंह, समीम खान आदि की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## भिलाई में बन रहा था नकली गुडनाइट लिक्विड कंपनी की शिकायत पर धराए चार दुकानदार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** गुडनाइट लिक्विड को कौन नहीं जानता। मच्छरों को भगाने के लिए लगभग हर घर में गुडनाइट लिक्विड का इस्तेमाल होता है। लेकिन क्या कभी सोचा है आप जो गुड नाइट लिक्विड इस्तेमाल कर रहे हैं वह नकली भी हो सकता है। भिलाई में ऐसे ही चार शातिर दुकानदार पकड़ में आए हैं जो हूबहू गुडनाइट का लिक्विड बनाकर बेच रहे थे। इस संबंध में कंपनी को जानकारी लगी तो रविवार को कंपनी के लोग भिलाई पहुंचे और छावनी थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद छावनी पुलिस ने कंपनी के अधिकारियों के साथ रेड की। पुलिस ने लिंक रोड कैंप-2 से चार दुकानदारों को गिरफ्तार कर इनके पास से 830 नगली गुडनाइट रिफिल कीमती 63910 रुपए बरामद किया। चारों के खिलाफ पुलिस ने धारा 420, 34 के तहत कार्रवाई की है।

छावनी पुलिस ने बताया कि मैसर्स गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट लिमिटेड फिरोजशाह नगर ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे विखरोली ईस्ट के अधिकृत आवेदक चेतन रेगे वे लिखित शिकायत दिया कि मेरी कंपनी गोदरेज कंज्यूमर के उत्पाद गोदरेज



गुड नाइट लिक्विड मॉस्किटो वेपराइजर गोल्ड फ्लैक के हुबहू नकली गुड नाइट लिक्विड गोल्ड फ्लैक मॉस्किटो का आरती ट्रेडर्स अजीत जनरल स्टोर लिंक रोड कैंप 2 के संचालकों द्वारा किया जा रहा है।

सूचना पर थाना छावनी से एसआई रामेंद्र यादव कैमरा, एएसआई डेरन सिंह राजपूत अजय सिंह प्रधान आरक्षक जसपाल सिंह, आरक्षक दृगपाल तिवारी आरक्षक जीत नारायण संजय सोनी त्रिलोक भाटी ने जांच की। लिंक रोड स्थित आरसी ट्रेडर्स के संचालक रमेश चंद्र दुबे के दुकान से 230 नग रिफिल पैक कीमती 17710 रुपए, अजीत किराना स्टोर के संचालक अजीत चौहान के दुकान से 240 नग रिफिल पैक कीमती 18480 रुपए, जय स्टेटस के संचालक अमर बजाज के दुकान से 280 नग रिफिल पैक कीमती 21560 रुपए व बजरंग किराना स्टोर के संचालक महेश अग्रवाल के दुकान से 80 नग रिफिल पैक कीमती 7700 रुपए कुल 830 रिफिल पैक जुमला कीमती 63910 रुपए जब्त किया गया। इस मामले में चारों आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 34 आईपीसी एवं 63 कॉपीराइट एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई: ठगी के आरोप में दो महिला सहित युवक गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर चांपा।** जांजगीर चांपा जिले की नवागढ़ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने ठगी के आरोप में दो महिला समेत तीन को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, नवागढ़ थाना इलाके के केरा का रहने वाला युवक संतोष दास महंत ने अपनी पत्नी और मां के साथ मिलकर गांव के लोगों ज्यादा ब्याज देने का झांसा देकर ठगी की। 15 ग्रामीण से 11 लाख 20 हजार रुपये ठगने के बाद आरोपी रायपुर आ गया। यहां उसने किराए में मकान लिया और अपनी पत्नी, मां के साथ जम्मू भागने की तैयारी कर रहा था, इसी बीच पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को गिरफ्तार किया है।

एएसपी अनिल सोनी ने बताया कि केरा का युवक संतोष दास महंत, उसकी पत्नी जगर बाई महंत और उसकी बूढ़ी मां जानकी महंत ने गांव के रहने वाले युवक रोशन महंत को बैंक में अच्छी स्कीम दिलाने का झांसा दिया। साथ अन्य बैंकों की तुलना में अधिक ब्याज देने का लालच दिया। संतोष ने झांसा दिया कि रोशन उसका पैसा जमा करा दे तो वह उसका पैसा




ज्यादा ब्याज मिलाकर वापस कर देगा। रोशन भी संतोष की बातों में आ गया और उसने फरवरी से लेकर सितम्बर 2022 के बीच अलग-अलग किस्तों में दो लाख रुपये बैंक में जमा करने के लिए उसे दे दिए, लेकिन कुछ माह बाद रोशन ने संतोष से बैंक में जमा किए हुए रकम की रसीद मांगी तो वह टालमटोल करने लगा। इसके बाद संतोष अपनी पत्नी जगर बाई और मां जानकी बाई के साथ घर छोड़ कर चला गया। जब ठगे जाने का एहसास हुआ तो रोशन ने थाना में इसकी शिकायत की। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपी संतोष दास महंत (38) उसकी पत्नी जगर बाई महंत और मां जानकी बाई महंत के खिलाफ धारा 409, 420, 34 के तहत एफआईआर दर्ज कर तलाश शुरू की। आरोपियों की लोकेश रायपुर में मिली। पुलिस रायपुर पहुंची और वहां से तीनों को गिरफ्तार किया गया।

इन्हें बनाया ठगी का शिकार

संतोष महंत ने अपनी मां व पत्नी के साथ मिलकर गांव के रोशन महंत से दो लाख, भोला देवांगन से दो लाख, रामनाथ से 63 हजार, कमला बाई से 70 हजार, जगेश्वर बाई से एक लाख, बद्रिका सागर से 94 हजार, रजनी सहिस से 20 हजार, बदरा से 35 हजार, रत्नी कुमार से 45 हजार, कंवल दास से 50 हजार, दिले बाई से 60 हजार, पूजा बाई से 60 हजार, खीखबाई से 10 हजार, निर्मला सहिस से 50 हजार रुपए, शकुन कहरा से 63 हजार रुपए एवं इसके अलावा गांव एवं आसपास के अन्य लोगों से पैसा जमा कराये थे।

## आईटीआई में नौकरी लगाने का झांसा देकर तीन लाख रुपए की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में एक महिला को ITI में नौकरी लगाने का झांसा देकर तीन लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने धमतरी से गिरफ्तार किया है। ठग ने महिला के भाई को ITI के अफसरों से पहचान होने और नौकरी लगाने का दावा किया था। पैसे देने के बाद उसने फर्जी नियुक्ति आदेश भी थमा दिया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है।



कपिल नगर निवासी स्वाति पांडेय ने शिकायत की थी कि उसका भाई ऋषभ किसी काम से 2018 में जिला अस्पताल गया था। इस दौरान उसकी पहचान संतोष श्रीवास नाम के युवक से हुई। चर्चा के दौरान उसने बताया कि गीतांजलि सिटी में रहने वाले नीरज लाल (36) की ITI में पहचान है और वह नौकरी लगवा सकता है। इसके बाद ऋषभ ने नीरज से मुलाकात की। उसने बताया कि कोनी स्थित ITI में वैकेंसी है। इसमें वह नौकरी लगवा सकता है। ऋषभ उसकी बातों में आकर अपनी बहन स्वाति पांडेय को इसकी जानकारी दी। फिर उससे पैसे की बात की। दोनों भाई-बहन नीरज से मिलने उसके घर गए, जहां नौकरी लगाने के लिए नीरज ने तीन लाख रुपए में सौदा तय किया। इस पर उन्होंने उसके घर में ही तीन लाख रुपए दे दिए।

### पैसे लेकर थमाया फर्जी नियुक्ति आदेश

महिला से तीन लाख रुपए लेने के कुछ समय बाद नीरज ने भारत सरकार श्रम एवं रोजगार मंत्रालय का एक नियुक्ति पत्र दिया और बताया कि कंपोजिट के बिल्डिंग के तीसरी मंजिल स्थित जेडी ऑफिस में तृतीय श्रेणी क्लर्क के पद पर उसकी नियुक्ति हो गई है। तब महिला नियुक्ति आदेश लेकर जेडी ऑफिस पहुंची, तो नियुक्ति आदेश को फर्जी बताया गया। इसके बाद महिला को पता चला कि नीरल लाल ने पैसे लेकर उसके साथ धोखाधड़ी की है।

### मोबाइल बंद कर हो गया था गायब, अब गिरफ्तार

इसके बाद महिला ने नीरज को फोन लगाकर नियुक्ति पत्र के संबंध में बात की। साथ ही अपने रुपए वापस मांगे। इसके बाद से आरोपी ने अपना मोबाइल बंद कर दिया और गायब हो गया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। इस बीच पुलिस ने महाराष्ट्र के नागपुर में भी दबिश दी। आखिरकार, उसके धमतरी में होने की जानकारी मिलने पर पुलिस की टीम ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में टीआई फैजूल शाह, आरक्षक मनोज बघेल, धर्मेन्द्र कुमार, विवेक राय, सोनू पाल, राहुल सिंह, मिथलेश सोनी शामिल रहे।

## सूरजपुर में पैंगोलिन की तस्करी करते 3 गिरफ्तार कारोड़ों की कीमत का 10 किलो पैंगोलिन सिल्क जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में वन विभाग ने पैंगोलिन की तस्करी करने वाले 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से वन विभाग ने लगभग 10 किलो पैंगोलिन का सिल्क जब्त किया गया है। अंतरराष्ट्रीय मार्केट में पैंगोलिन की कीमत करोड़ों में बताई जा रही है।



मिली जानकारी के अनुसार सुरजपुर रेंज के वन विभाग को सूचना मिली थी कि घुई रेंज के रामकोला इलाके में कुछ लोग पैंगोलिन के सिल्क को बेचने के लिए घूम रहे हैं। जानकारी मिलने के बाद डीएफओ सूरजपुर ने टीम गठित कर ग्राहक के रूप में भेजा। तस्करों से सौदा करते हुए वन विभाग ने तीन तस्करों को रंगे हाथों पकड़ा। इन लोगों ने अपना चरकू, ततगु और विजय बताया है। वन विभाग ने सभी आरोपियों पर वन्य प्राणी सुरक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

# तालाब सफाई के लिए उतरा भिलाई निगम का पर्यावरण विभाग, बनाया नरवा, गरवा, घुरुवा, बाड़ी को आधार

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। मुख्यमंत्री की महत्वकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरुवा, बाड़ी के प्रसार के लिए पर्यावरण एवम उद्यानिकी विभाग नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा पर्यावरण एवम जल संरक्षण के तहत तालाबों की सफाई का कार्य नकटा तालाब ढांचा भवन कुरूद से शुरू किया गया।



मेयर नीरज पाल के निर्देश पर पर्यावरण विभाग प्रभारी श्रीमती नेहा साहू ने बताया कि यह कार्य पर्यावरण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजीव युवा मितान क्लब तथा जन सहयोग द्वारा प्रत्येक रविवार को निगम क्षेत्र के अन्य वार्डों में भी संचालित किया जाएगा जिसमें तालाबों की सफाई, वाटर हार्वेस्टिंग की जानकारी, प्रतिबंधित प्लास्टिक उन्मूलन, छोटे बागवानी से संबंधित जानकारी स्थानीय रहवासियों को उपलब्ध करवाई जायेगी। मौजूदा समय में पर्यावरण संतुलन, प्रदूषण, गिरता भू जल स्तर, जलवायु परिवर्तन, पशुधन संवर्धन, जैविक खेती जैसे विषय वैश्विक चिंता के कारण है, जिसके लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी द्वारा नरवा, गरवा, घुरुवा, बाड़ी योजना के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास के अलावा व्यापक पर्यावरण संरक्षण को भी ध्यान में रखकर उपरोक्त वैश्विक चुनौतियों को दूर करने का एक नवाचार प्रारंभ किया गया है। अभियान में एम आई सी सदस्य नेहा साहू, उषा शर्मा पार्षद वार्ड 23, उमेश साहू पार्षद वार्ड 67, राकेश शर्मा, जागृति भारद्वाज, लकिता यादव, गीता रेड्डी, संतुष्टि, वैभव साहू, परवीन बानो बरखा, रिया सोनी, शमिता, सरस्वती पिल्ले, कंचन, ज़बीर, रूपेंद्र शर्मा, सुखसागर मानिकपुरी, मोनिका, प्रमिला यादव, विमल एवम स्थानीय रहवासियों ने श्रम दान दिया। जोन 2 स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा एवम अंजनी सिंह सफाई अभियान के दौरान मौजूद रहे।

## खास - खबर

### भाजपा का बूथ सशक्तिकरण अभियान आरंभ

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी बूथ सशक्तिकरण अभियान का शुभारंभ दुर्ग संगठन के समस्त बूथों में प्रारंभ हुआ। प्रत्येक बूथ को मजबूत करने के उद्देश्य से 17 मार्च को प्रारंभ अभियान निरंतर 27 मार्च तक चलाया जायेगा। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेतागण सहित अल्पकालिक विस्तारकों द्वारा बूथों पर समिति के गठन का सत्यापन होगा एवं पन्ना प्रमुख की नियुक्ति का कार्य किया जाएगा प्रथम दिन प्रत्येक शक्ति केंद्र स्तर पर कार्यकर्ताओं के बीच महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के बजट अभिभाषण का वाचन कर बूथ सशक्तिकरण अभियान का प्रारंभ किया गया। दुर्ग जिले में संपूर्ण अभियान भाजपा जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा के दिशा निर्देश अनुसार निष्पादित किया जा रहा है। बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि दुर्ग जिले की सभी विधानसभाओं में शक्ति केंद्र स्तर पर विस्तारक तैनात किये गये हैं, जो दस दिन लगातार शक्ति केंद्र के अंतर्गत आने वाले बूथों में समय देकर बूथ की संरचना को सशक्त बनायेंगे क्योंकि मजबूत बूथ से जीत का रास्ता निकलता है, बूथ सशक्तिकरण अभियान द्वारा समूचे छत्तीसगढ़ में एक एक बूथ की संरचना को मजबूत बनाने आरंभ हुआ है। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने आव्हान किया कि समस्त भाजपा के पदाधिकारी बूथ कमेटी को सतत क्रियाशील बनाने में तन मन से अपना योगदान दें।

### गोंडवाना महिला समाज ने मनाया महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह

**दुर्ग।** आदिवासी समाज गोंडवाना मातृ शक्ति संगठन दुर्ग के द्वारा कचना देवालय सिविल लाइन दुर्ग में अन्तर राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह मनाया गया। इस कार्य क्रम के मुख्य अतिथि समाज सेविका मंजू वोरा थे, अध्यक्षता समाज सेविका स्वेता बाकलीवाल ने किया, विशेष अतिथि सेवा निवृत शिक्षिका एवम् लोक गायिका पुष्पलता नेताम, गोंडवाना मातृ शक्ति संगठन अध्यक्ष ममता अरमो, पार्षद माहेश्वरी ठाकुर, समाज सेविका भीषम नागेश, समाज सेवक अवध राम ध्रुव, सर्व आदिवासी समाज जिला महासचिव थानसिंह मंडावी, समाज सेवक राकेश ठाकुर थे। कार्य क्रम के प्रथम चरण में बुड़ादेव की पूजा अर्चना कर दीप जलाकर एवम् छ ग की राज्य गीत ,, अरपा पैरी के धार, महा नदी हे अपार,, के साथ लोक गायिका पुष्पलता नेताम ने गीत ,, प्रस्तुत की ,, तत्पश्चात अतिथियों की पुष्पमाला, गुलदस्ता भेंट कर तिलक लगाकर स्वागत किया गया मुख्य अतिथि वोरा जी ने कहा कि अब महिलाएं केवल गृहनी नहीं, राष्ट्र निर्माण भी है, बधाओ के सामने डटकर खड़ा होना ही तो नारीत्व है। झासी की रानी लक्ष्मीबाई आदि, अधिकार के साथ बढ़ती नारी शक्ति की भागीदारी है होली पर्व पर बिखरता है संस्कृति का रंग, वर्षों पुरानी परंपराए सौहार्द बढ़ाती है।

भिलाई तेलगा समाज का उगादी मिलन समारोह

# पारंपरिक व्यंजनों की बिखरी खुशबू महिलाओं ने सजाई पूजा की थाल





श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। आंध्र वासियों के महत्वपूर्ण पर्व उगादी के अवसर पर सेक्टर-6 डीएसएम तेलुगू स्कूल में भिलाई तेलगा समाज द्वारा उगादी मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर व्यंजन व पूजा की थाल सजावट तथा सोलह श्रृंगार स्पर्धा रखी गई। समाज की महिलाओं ने इसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ऑल इंडिया तेलुगू कम्युनिटी वेलफेयर एसोसिएशन (तेलुगु सेना) प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ नीलम चन्नाकेशवालू सपत्निक शामिल हुई। इस अवसर पर भारत भूषण से सम्मानित बी पोलम्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रही। तेलगा समाज की महिला समूह द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आयोजित व्यंजन व पूजा की थाल सजाओं प्रतियोगिता में महिलाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। दक्षिण भारतीय व्यंजन प्रतियोगिता में कुल 36 प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन बनाए गए। व्यंजनों में उगादी पर्व को ध्यान में रखते हुए स्वाद को जोड़ा गया। खीर से लेकर पुलिहोरा, गुलगुले से लेकर गुजिया तक इस व्यंजन प्रतियोगिता में देखने को मिले। इसी प्रकार पूजा की थाल सजाने में भी महिलाओं ने अपनी क्रिएटिविटी दिखाई। एक से बढ़कर एक पूजा की थाल सजाई गई। पूजा थाल की सजावट में भी उगादी पर्व की झलक दिखी। प्रतियोगिता के जजों के रूप में नीलम चन्नाकेशवालू व बी पोलम्मा ने निर्णय लिया। इस दौरान चन्नाकेशवालू ने कहा कि व्यंजन प्रतियोगिता में सभी ने स्वादिष्ट व्यंजन बनाए वहीं पूजा की थाल भी आकर्षक रही। इस दौरान उन्होंने समाज के लोगों को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई भी दी।

इस कार्यक्रम में समाज के पूर्व अध्यक्ष सीएच डीह्ली राव, पी रामा राव, संस्थापक राजेश्वर राव व वर्तमान अध्यक्ष डी मोहन राव के साथ समाज के सभी सक्रिय सदस्य एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भागीदारी की। कार्यक्रम का सफल संचालन सीएच नीतू के साथ निर्मला, डी गोपी वेणी, के तुलसी आदि ने किया।

### स्वाति ने जीती व्यंजन प्रतियोगिता, रेवती का पूजा थाल बना बेस्ट

कार्यक्रम के दौरान आयोजित दक्षिण भारतीय व्यंजन प्रतियोगिता में सेक्टर-1 निवासी ए स्वाति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं इस प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रेवती रही। तृतीय पुरस्कार जयालक्ष्मी ने जीता और सांत्वना पुरस्कार श्यामला व अनुसुइया को मिला। इसी प्रकार पूजा की थाल सजाने में रेवती पहले स्थान पर रही। वहीं दूसरे स्थान पर श्यामला व निर्मला तथा तृतीय पुरस्कार जानू को मिला। इसी कड़ी में सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता भी हुई। इस प्रतियोगिता में निर्मला ने प्रथम पुरस्कार जीता। वहीं दूसरा पुरस्कार सीएच नीतू को मिला। कार्यक्रम के दौरान पी लक्ष्मी ने शानदार गीत प्रस्तुत किया।

# गांधी पर सवाल उठाना आसान, सीखना मुश्किलः पांडेय



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** प्रख्यात लेखक अशोक कुमार पांडेय का कहना है कि आज के दौर में भी महात्मा गांधी पर आरोप लगाना आसान है लेकिन महात्मा गांधी से हमारे बहुधार्मिक और बहुजातीय समाज में शांति के लिए खड़े होना सीखना बेहद मुश्किल है। रविवार 19 मार्च की शाम महात्मा गांधी कला मंदिर में आयोजन वैचारिक सत्र में अशोक कुमार पांडेय ने विषय से संदर्भित उद्बोधन देते हुए कहा कि अगर इस देश में नफरत की आंधी, अलगाव की बातें ऐसे ही चलते रहीं तो हमारे देश की बरबादी के लिए वो सब जिम्मेदार होंगे जिन्होंने गांधी के बजाए गांधी की हत्या में लिप्त विचारधारा का रास्ता अपनाया।

पांडेय ने कहा कि गांधी ने अपनी विचारधारा को लेकर किताब नहीं लिखी। गांधी अपनी विचारधारा को लेकर ज्ञान नहीं देते थे। गांधी की विचारधारा किसी लाइब्रेरी में बैठकर सोचते हुए नहीं बनीं थी बल्कि जनता के साथ अपने समय के सवालों से जूझते हुए बनीं थी। इस विचारधारा का सबसे महत्वपूर्ण बिंदु अहिंसा है, जिस पर उन्होंने आखिरी सांस तक कभी समझौता नहीं किया।

पांडेय ने एक उदाहरण देते हुए बताया कि एक दलित दंपति उनके आश्रम में रहने आई तो गांधी ने उनका स्वागत किया। इससे आश्रम में खलबली मची और खुद कस्तूर बा ने कहा कि इन्हें मेरे चौके से दूर रखें।

इस पर गांधी ने कस्तूर बा से कहा कि वह चाहें तो चले जाएं लेकिन दोनों दलित यहीं रहेंगे। अंततः कस्तूर बा को समझौता करना पड़ा। यह महात्मा गांधी का पहला सत्याग्रह था। जो उनके घर से शुरू हुआ था।

अशोक कुमार पांडेय ने कहा कि आज जिस तरह के समय में हम जी रहे हैं, उसमें सोशल मीडिया और मुख्य धारा के मीडिया का बड़ा हिस्सा क्यों चीख-चीख कर कह रहा है कि गांधी तो अब कम से कम जरूरी नही है? इस पर हमें सोचने की जरूरत है। आखिर आजादी के 70 साल बाद या जिन विचारों ने गांधी की हत्या की उन्हे क्यों गांधी क्यों याद आने लगे?

पांडेय ने गांधी जी के अफ्रीका के सत्याग्रह से लेकर आजादी के दौर के विभिन्न उदाहरणों से बताया कि आज के दौर में देश में लोकतंत्र को बचाए रखने गांधी क्यों जरूरी है। इसके पहले आयोजन स्थल पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर लेखक अशोक कुमार पांडेय ने सूत की माल अर्पण की। आयोजन में सिविल सोसाइटी दुर्ग-भिलाई के अध्यक्ष विश्नरतन सिन्हा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सिविल सोसाइटी के गठन का उद्देश्य और आयोजन पर रोशनी डाली।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कल्याण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर पी अग्रवाल ने कहा कि लेखक अशोक कुमार पांडेय ने बहुत ही स्पष्ट तरीके से अपनी बातों को हमारे समक्ष रखा है। आज जबकि हर तरफनैतिक मूल्यों का क्षरण हो रहा है, ऐसे में गांधी और भी अपरिहार्य हो गया है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के विचार हमेशा प्रासंगिक और शाश्वत रहेंगे।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं कचरा फैलाने वालों पर लगातार कार्यवाही

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में प्लास्टिक मुक्त अभियान को लेकर कार्रवाई निरंतर जारी है, निगम के सभी जोन कार्यालयों में स्वास्थ्य विभाग की टीम शहर में प्लास्टिक एवं झिल्ली पन्नी के कचरों के रोकथाम के लिए बाजार व व्यवसायिक क्षेत्र में कार्रवाई कर रहे है। टीम के द्वारा निरीक्षण के दौरान कहीं भी प्लास्टिक या अन्य कचरा फैलाते हुए पाए जाने पर उनसे जुर्माना भी लिया जा रहा है। बाजार क्षेत्र में प्रतिबंधित झिल्ली, पन्नी विक्रय एवं उपयोग करते हुए पाए जाने पर प्रतिबंधित सामग्री को जप्त किया जा रहा है। भिलाई निगम की टीम ने जगन्नाथ ट्रेडर्स, सुनील कुमार गुप्ता, परवेज खान, सुयश इटली डोसा कॉर्नर, बच्चा लाल, अकाश फर्नीचर, सिन्हा होटल, मनोरमा देशमुख, ओम मेडिकल, मनीष किराना स्टोर, लक्ष्मी सिंगार, भूमिका किराना स्टोर आदि से प्रतिबंधित प्लास्टिक रखने, गुमास्ता लाइसेंस नहीं होने, गंदगी फैलाने को लेकर जुर्माना वसूल किए। भिलाई शहर से झिल्ली, पन्नी के कचरों को समाप्त कर प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए लगातार बाजार तथा व्यवसायिक क्षेत्रों एवं दुकानों में निरीक्षण कर प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर जप्ती बनाने की कार्रवाई की जा रही है, ताकि हमारा शहर साफसुथरा हो और झिल्ली पन्नी के कचरों से फैलने वाले दुष्प्रभाव की रोकथाम हो सके। इसके लिए निगम प्रशासन द्वारा सभी जोन कार्यालयों में गठित टीम द्वारा अलग-अलग जगहों पर दुकानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में छापेमार कार्रवाई की जा रही है। जहां भी सिंगल यूज प्लास्टिक व प्रतिबंधित प्लास्टिक, पानी पाउच, गिलास, प्रतिबंधित झिल्ली, पन्नी, प्लास्टिक का दोना, पत्तल व प्लास्टिक अन्य सामग्री जो प्रतिबंधित है उस पर कार्रवाई की जा ही है। महापौर नीरज पाल व निगम आयुक्त रोहित व्यास ने प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग तथा विक्रय नहीं करने की अपील शहरवासियों से की है।

# बीएसएफ की पहल पर आदिवासी विनिमय कार्यक्रम के तहत 13वां व 14वां जत्था अमृतसर व इंदौर रवाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। 14 वां आदिवासी युवा विनिमय कार्यक्रम के तहत रविवार को कांकेर जिले के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से युवक एवं युवतियों का 13वां व 14वां जत्था अमृतसर व इंदौर के लिए रवाना किया गया। दुर्ग रेलवे स्टेशन से इस दल को रवाना किया गया। दल में 40 युवक-युवतियों सहित सीमा सुरक्षा बल के 2 पुरुष सुरक्षा अधिकारी और 2 महिला सुरक्षा अधिकारी शामिल है। यह जत्थे अमृतसर व इंदौर में विभिन्न राज्यों के अन्य आदिवासी युवाओं से मिलकर अन्य राज्यों की संस्कृति से रूबरू होंगे।




इस कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी युवाओं को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति संवेदनशील बनाना और उन्हें विविधता में एकता की अवधारणा को आत्मसात करने में सक्षम बनाना, उन्हें विकास संबंधी गतिविधियों एवं औद्योगिक उन्नति से अवगत कराना और आदिवासी युवाओं को देश के दूसरे हिस्से से आए अपने साथियों के साथ भावनात्मक संबंध विकसित करने और उनके आत्म-सम्मान को बढ़ाने में मदद करना है।

बता दें नेहरू युवा केन्द्र संगठन नई दिल्ली एवं गृह मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में 14 वां आदिवासी युवा विनिमय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की अवधि 7 दिन है। छत्तीसगढ के कांकेर जिले में तैनात सीमा सुरक्षा बल के वामपंथी उग्रवाद प्रभावित इलाके से इस वर्ष कुल 14 भ्रमण कार्यक्रमों के अतंर्गत 18 से 22 वर्ष के आयु वर्ग के 290 चयनित युवा भाग ले रहे है।

इस आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियों में संवैधानिक अधिकारियों एवं गणमान्य और प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संवाद सत्र, पैनल चर्चा, व्याख्यान सत्र, आजादी का अमृत महोत्सव के तहत गतिविधियां, भाषण प्रतियोगिता, कौशल विकास, कैरियर संबंधी मार्गदर्शन से जुड़े उद्योग की यात्रा, चल रहे खेल आयोजनों के बारे में जानना, सुरक्षा बलों के कैंपो का दौरा, सांस्कृतिक प्रदर्शन आदि शामिल हैं। इस कार्यक्रम के तेरहवें एवं चौदहवें जत्थे को अमृतसर एवं इंदौर रवाना करते हुए इन्दराज सिंह, महानिरीक्षक, सीमा सुरक्षा बल सीमांत मुख्यालय (विशेष संक्रिया) छत्तीसगढ़ एवं दिनेश मुर्मू उपमहानिरीक्षक (इंटेलीजेंस) ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

# बिहान योजना से प्रेरित होकर महिलाएं हो रही आत्मनिर्भर

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। जिले में बड़े पैमाने में बटन मशरूम की खेती शुरू हो गई है। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं को बटन मशरूम उत्पादन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम तेलीगुण्डरा की सखी महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बटन मशरूम का उत्पादन कर अच्छी आमदनी कर रही है।



सखी समूह की महिलाओं को एक उपयुक्त स्थान की आवश्यकता थी जहां बटन मशरूम को उपयुक्त वातावरण, बिजली, पानी प्राप्त हो सके। जिसके लिए ग्राम पंचायत के सरपंच ने भवन को मशरूम उत्पादन करने के लिए दिया। बटन मशरूम की खेती के लिए ठंडी जलवायु की जरूरत होती है। इसे सर्दियों के मौसम में उगाया जाता है। मशरूम की उपज के लिए 20-30 डिग्री तापमान की जरूरत पड़ती है। तापमान को संतुलित करने के लिए वातानुकूलित उपकरण का उपयोग किया जा रहा है।

सखी स्व सहायता समूह में कुल 12 महिलाएं है जो मशरूम उत्पादन के कार्य मे सहयोग कर रही है। प्रारंभ में 45 बैग बटन मशरूम उत्पादित कर लोकल मार्केट में विक्रय कर सालाना 80 हजार रूपए की शुद्ध आय प्राप्त कर रही हैं। इससे स्व सहायता समूह की महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई और महिलाओं को रोजगार मिला। समूह की महिलाएं इस कार्य को 2021 से कर रही है। सखी स्व सहायता समूह की महिला ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अधिकारियों ने उन्हें बटन मशरूम उत्पादन करने के लिए प्रेरित किया और आज उनकी वजह से सखी स्व सहायता समूह की महिलाएं अपने पैरों पर खड़ी हैं।

समूह द्वारा चक्रीय निधि के रूप में 15 हजार रूपए की राशि प्राप्त कर समूह के सदस्यों ने घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए चक्रवृद्धि ब्याज के रूप में उपयोग किया जा रहा है। समूह की महिलाएं इतनी सशक्त और आत्मनिर्भर हो गई है की वह मास्टर ट्रेनर के रूप में अन्य ग्राम पंचायतों के स्व सहायता समूहों को प्रशिक्षण दे रही है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950